
दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak




**सांगानेरी गेट हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा**

*श्रद्धा का सैलाब... जयपुर। जयपुर बम ब्लास्ट की 17वीं बरसी पर सोमवार को सांगानेरी गेट स्थित हनुमान मंदिर के बाहर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हनुमानजी की मनमोहक झांकी सजाई गई। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में हजारों की संख्या में सर्व समाज के श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं का एक छोर सांगानेरी गेट पर था तो दूसरा बड़ी चौपड़ तक पहुंच रहा था। दूधिया रोशनी में भक्तों ने सड़क पर बैठकर जैसे ही हनुमान चालीसा की चौपाइयां पढ़नी शुरू कीं तो वातावरण भक्तिमय हो गया।*

फोटो: राजेश कुमावत

## जयपुर बम ब्लास्ट की 17वीं बरसी पर धमकी का ईमेल

# 13 मई... फिर उसी दिन 56 स्कूलों को उड़ाने की धमकी!

## सर्च ऑपरेशन में स्कूलों में कुछ नहीं मिला, पुलिस हुई अलर्ट

बेधड़क | जयपुर

आज से ठीक 16 साल पहले 13 मई, 2008 को जयपुर में सिलसिलेवार 8 बम ब्लास्ट में 71 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 180 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे। बम ब्लास्ट की 17वीं बरसी पर एक बार फिर से जयपुर को दहलाने की धमकी और स्कूलों में नौनिहालों को निशाने बनाने के ई-मेल के बाद राजधानी में हड़कंप मच गया। पुलिस ने शहर के स्कूलों सर्च ऑपरेशन चलाया, हालांकि उसमें कुछ नहीं मिला, लेकिन पुलिस अलर्ट मोड पर है।

नोएडा के बाद शरारती तत्वों के निशाने पर अब जयपुर आ गया है। जयपुर के 56 बड़े स्कूलों को धमकी भरे ई-मेल मिले हैं। इन स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। जयपुर में बम धमाकों की बरसी पर मिले इन ई-मेल ने पुलिस की नींद उड़ा दी है। बम निरोधक दस्ते सक्रिय हो गए। स्कूलों में तलाशी अभियान शुरू किया गया है, जिन स्कूलों को ई-मेल मिले हैं, वहां पुलिस टीमें पहुंची। खोजी श्वान दल के साथ पहुंचे बम निरोधक दस्ते ने स्कूल खाली करवाए और जांच शुरू कर दी है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ ने कहा कि 56 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने की सूचना पर बम निरोधक दस्ते के साथ पुलिस टीमें स्कूलों में पहुंची। छात्रों और स्टाफ सदस्यों को स्कूल से बाहर निकालकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। पुलिस ई-मेल भेजने वाले की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

डीसीपी ईस्ट कवियेंद्र सागर ने बताया कि विद्याश्रम, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल के मोती डूंगरी और माणक चौक स्थित सेंट टेरेसा समेत 56 स्कूल को ई-मेल के जरिए यह धमकियां मिली थी। इसके बाद स्कूलों में तत्काल पहुंचकर जांच शुरू कर दी गई है। अब तक कोई बम नहीं मिला है। बम निरोधक दस्ते मौके पर हैं। स्कूलों को खाली करवा लिया गया है। इसके साथ ही साइबर टीमों को मेल को डिटेक्ट करने में लगाया गया है।



फोटो: पंकज शर्मा

### इन स्कूलों को मिली धमकी

जयपुर में करीब 56 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें विद्या आश्रम स्कूल-ओटीएस चौराहा, सेंट टेरेसा स्कूल-निवारू रोड, महर्षि पीजी कॉलेज-टोंक रोड, सांगानेर, एमजीपीएस-विद्याधर नगर, मालवीय कॉन्वेंट स्कूल-मालवीय नगर, वॉरेन एकेडमी-महेश नगर, संस्कार स्कूल-वैशाली नगर, जयपुरिया स्कूल-बजाज नगर, माहेश्वरी पब्लिक स्कूल-प्रताप नगर, द पैलेस स्कूल-मानक चौक, माहेश्वरी इंटरनेशनल स्कूल-तिलक नगर, प्रताप नगर द पैलेस स्कूल-मानक चौक, संस्कार स्कूल-वैशाली नगर सहित कई नामचीन स्कूलों के नाम शामिल है।

### ई-मेल में यह लिखा...

जयपुर के नाम चीन स्कूलों को जो मेल रिसीव हुआ है, उसमें अल्लाह का नाम लेकर बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी भरे मेल में कहा गया कि हम तुम्हें पेरिस में अपने भाइयों की तरह उड़ा देंगे। शहर को लाशों की नगरी बना देंगे। हम अब्देल हामिद अबाउद से प्रेरित हैं और अब्देसलाम इस्निलॉन हैपिलोनद म्यूट ब्रदर्स और बाकी सभी योद्धा अल्लाह के यहां अमर चैन की जिंदगी जी रहे हैं। हम अपनी जान गंवाने से नहीं डरते। आप हमें आतंकवादी मानते हैं, जबकि वास्तव में आप हमारे न्यायपूर्ण कानून के खिलाफ लड़ रहे हैं। अल्लाह के कानून के मुताबिक, आपको मौत की सजा होनी चाहिए। आगे मैसेज में लिखा कि इंशाअल्लाह... वह दिन जल्द आएगा जब सच्चाई की जीत होगी और सर्वशक्तिमान द्वारा निर्धारित कानून का प्रसार किया जाएगा। धरती और दागिस्तान से लेकर मुंबई तक पूरी दुनिया में खलीफा का शासन होगा।

### जांच एजेंसियां अलर्ट मोड पर

बम की धमकी के बाद स्कूलों को खाली करा दिया गया। इसमें पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को बाहर निकाल दिया गया है। स्टूडेंट व टीचर्स सहित किसी को भी अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई। जांच के दौरान सिर्फ पुलिस, डॉग स्क्वॉयड और बम निरोधक दस्ता ही स्कूलों के अंदर मौजूद रहे। खुद सीएम भजनलाल शर्मा मामले की मॉनिटरिंग कर रहे थे। पुलिस व अन्य जांच एजेंसियां अलर्ट मोड पर है।

### रूस के सर्वर से दी गई धमकी

पुलिस के मुताबिक जयपुर के स्कूलों में instrumenttt@inbox.ru से ई-मेल भेजा गया है। दिल्ली के स्कूलों में भी mail.ru सर्वर का इस्तेमाल हुआ था। वैसे ही राजस्थान के स्कूलों में धमकी भी mail.ru सर्वर से दी गई है। mail.ru सर्वर रूस का बताया जा रहा है। फिलहाल, पुलिस मुख्यालय की साइबर सेल और आईटी सेल जांच में जुटी हुई है। डीजीपी यूआर साहू ने भी जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जार्ज जोसफ से जानकारी ली है।

## जरूरी खबर

### चौथे चरण में 10 राज्यों की 96 सीटों पर 63% वोटिंग



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान सोमवार को शाम संपन्न हो गया। चौथे चरण के मतदान में आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और तेलंगाना सहित 10 राज्यों की कुल 96 लोकसभा सीट पर वोट डाले गए। अब तक आम चुनाव 2024 के चार चरणों में 379 संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हुए हैं। वोटों की गिनती 4 जून को होगी। चुनाव आयोग के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 10 राज्यों की 96 सीटों पर करीब 63% मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 76% पश्चिम बंगाल में तो सबसे कम 37% वोटिंग जम्मू-कश्मीर में हुई।

पेज 8 भी देखें

### मुंबई में आंधी ने मचाया कोहराम, आठ की मौत

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को सोमवार को जोरदार आंधी ने हिला डाला। धूल भरी इस आंधी के चलते लोग जहां के तहां फंस गए और कई जगहों पर ट्रैफिक बाधित रहा। कई उड़ानों पर भी इसका असर पड़ा है। तेज हवाओं के चलते कहीं पेड़ गिर गए तो कहीं बैनर और बिलबोर्ड्स आदि आंधी में नीचे आ गिरे। एक ऐसा ही बड़ा सा बिल बोर्ड गिरने से 8 की मौत हो गई, जबकि 64 लोग घायल हो गए। सीएम एकनाथ शिंदे ने मृतकों के परिजनों को पांच लाख की सहायता देने की घोषणा की है।

पेज 8 भी देखें

### बिहार के पूर्व डिप्टी CM सुशील कुमार मोदी का निधन



**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील मोदी का निधन हो गया। वे कैंसर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। उन्होंने 72 साल की उम्र में दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। बिहार के मौजूदा डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने एक्स पर पोस्ट करके उनके निधन की जानकारी दी। पीएम नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने उनके निधन पर दुख जताया है।

## होशियारपुर में बीजेपी प्रत्याशी के समर्थन में सभा

# पीएम मोदी ने किया आतंक का सफाया: सीएम भजनलाल



एजेंसी | होशियारपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद की ऐसी कमर तोड़ी है कि सभी आतंकवादी लापता हो गए हैं। वर्ष 2014 से पहले आतंकवादी घटनाएं आम बात थी। ट्रेन और बस में सफर करने और सार्वजनिक स्थानों पर जाने से पहले आम आदमी 10 बार सोचता था, लेकिन आज कोई भी आतंकवादी और नक्सलवादी देश में आतंक फैलाने का दुस्साहस नहीं कर सकता, यही मोदी की गारंटी है। शर्मा सोमवार को पंजाब के होशियारपुर में बीजेपी प्रत्याशी अनीता सोमप्रकाश के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में गरीब कल्याण, सीमा-सुरक्षा, आर्थिक विकास और देश को आतंकवाद एवं नक्सलवाद से मुक्त करने की दिशा में परिवर्तनकारी निर्णय लिए गए हैं, जबकि कांग्रेस ने देश को केवल भ्रष्टाचार का दंश ही दिया है। कांग्रेस ने अपने कुशासन के पंजे से हमेशा गरीब, किसान, महिला एवं युवाओं को कुचला है।

### जो भगवान राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को पुर्नस्थापित करने का अभूतपूर्व काम किया है। करतारपुरा कॉरिडोर, बाबा विश्वनाथ, सोमनाथ, केदारनाथ व बद्रीनाथ मंदिर के विकास कार्य और अयोध्या में राममंदिर के निर्माण से भारतीय संस्कृति को एक नई गति मिली है। वहीं कांग्रेस गठबंधन ने सदैव राम मंदिर के विरोध करने का पाप किया है। इसीलिए कांग्रेस में से राम जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 'जो राम का नहीं वो किसी काम का नहीं' की बात को ध्यान में रखकर जनता मोदी को प्रचंड बहुमत से तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने जा रही है।

## पर्यटन स्थलों पर लगी टिकट मशीनों में हेराफेरी


# टिकट मशीन के सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी... 1.06 करोड़ का गबन

- एसीबी ने जांच के बाद चार कर्मचारियों के खिलाफ दर्ज किया केस
- जुलाई 2014 से जुलाई 2015 के दौरान रोजाना कर रहे थे 30 से 50 हजार रुपए की हेराफेरी

बेधड़क | जयपुर

सैलानियों को राहत देने के लिए राजधानी के पर्यटक स्थलों पर लगाई टिकट मशीन को ही पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के कर्मचारियों ने भ्रष्टाचार को जरिया बना दिया। टिकट बुकिंग पर बैठने वाले कर्मचारियों ने केंद्रीय अधीक्षक से मिलीभगत करके मशीन के सॉफ्टवेयर में गड़बड़ करके सरकार को 1.06 करोड़ से ज्यादा की चपत लगा दी।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अधिकारियों ने एक प्राथमिकी जांच का अनुसंधान करने के बाद पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के वरिष्ठ लिपिक मनीष माथुर व संदीप ऐरन, कनिष्ठ लिपिक अनिल शर्मा और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कृष्ण गोपाल के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों ने आमेर, जंतर-मंतर, अल्बर्ट हॉल, नाहरगढ़ और हवामहल में लगी मशीनों के सॉफ्टवेयर में गड़बडी की है। इस मशीन की तीन चाबी कंपनी द्वारा विभाग को दी गई थी। दो चाबी बुकिंग काउंटर के पास और एक मास्टर चाबी केंद्रीय अधीक्षक के पास मौजूद थी। मास्टर चाबी से ही मशीन के प्रोग्रामिंग में गड़बड़ी की है। ऐसे में एसीबी ने केंद्रीय अधीक्षक की भूमिका को भी जांच में संदिग्ध माना है। यह घोटाला आरोपियों ने जुलाई, 2014 से जुलाई, 2015 तक की अवधि में किया गया है। आरोपी रोजाना करीब 30 से 50 हजार रुपए का टिकटों की राशि में हेरफेर करके चपत लगा रहे थे।



**जंतर मंतर में 67.40 लाख और अल्बर्ट हॉल में 31.99 लाख का घपला:** पड़ताल में सामने आया कि आमेर महल, जंतर-मंतर, अल्बर्ट हॉल, नाहरगढ़ और हवामहल में पर्यटकों के लिए ऑनलाइन टिकट लेने के लिए मशीन लगाई थी। मशीन से पर्यटकों द्वारा ली जाने वाली टिकट की राशि में घपला करने की एसीबी को सूचना मिली थी। एसीबी इसकी जांच कर रही थी। इसी दौरान पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के निदेशक ने भी चार अलग-अलग कमेटियां बनाकर मामले की जांच कराई तो सामने आया कि आरोपी मनीष माथुर, संदीप ऐरन, अनिल शर्मा व कृष्ण गोपाल ने जंतर मंतर पर लगी मशीन से 67.40 लाख रुपए से ज्यादा और अल्बर्ट हॉल पर लगी मशीन से 31.99 लाख रुपए से ज्यादा का घोटाला कर दिया।

### जांच में यह मिली गड़बड़ी

एसीबी की जांच में सामने आया कि प्रत्येक दिन की स्लिप में बताई गई राशि और टिकट रोल की कार्यालय प्रति की राशि के योग में रोजाना 30 से 50 हजार रुपए का अंतर था। टिकटों के स्टॉक रजिस्टर में काफी अनियमितताएं मिली। इसके अलावा सीरीज नंबर व बिना सीरीज नंबर के फर्जी तरीके से टिकट बनाकर उनको असली बताकर पर्यटकों को दिए गए थे।

## जरूरी खबर

### बजरी खदानों की नए सिरे से नीलामी की राह आसान



**जयपुर।** हाई कोर्ट जयपुर और जोधपुर डीबी द्वारा सोमवार को पारित निर्णय के साथ ही राज्य में बजरी खदानों की नए सिरे से नीलामी की राह प्रशस्त हो गई है। हाई कोर्ट जयपुर ने बजरी नीलामी से संबंधित पांच याचिकाओं पर राज्य सरकार के पक्ष में निर्णय पारित करते हुए पांचों याचिकाएं खारिज कर दी हैं। वहीं जोधपुर हाई कोर्ट की डबल बैंच ने सत्य स्वरूप सिंह जादौन की तीनों याचिकाओं को खारिज कर दिया। माइंस विभाग से संबंधित न्यायालयों में प्रकरणों की राज्य सरकार स्तर पर सचिव माइंस आनन्दी एवं विभाग स्तर पर डीएमजी द्वारा नियमित मॉनिटरिंग के कारण विभागीय पक्ष को समय पर प्रभावी तरीके से रखा जा रहा है। जिससे सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं।

### कर्रा रोग इलाज के लिए 32 गांवों में कैंप, 17 टीमें तैनात

**जयपुर।** जैसलमेर जिले में दुधारू गायों के साथ ही अन्य पशुओं में फैल रहे कर्रा रोग के उपचार के लिए जिम्मेदार हरकत में आ गए हैं। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह के निर्देशानुसार पशुओं में फैलने वाले कर्रा रोग के इलाज के लिए पशुपालन विभाग ने 17 मोबाइल वेटनरी टीमें लगा रखी हैं। यह टीमें जहां से भी सूचना मिलती है, वहां पर जाकर पशुओं का टीकाकरण एवं अन्य दवाइयां देकर इलाज कर रही हैं। पशु चिकित्सा विभाग के अनुसार कर्रा रोग होते ही गाय के आगे के पैर जकड़ जाते हैं और गाय चलना बंद कर देती है। कर्रा रोग से 4 से 5 दिन में गाय की मौत हो जाती है।

### आकाशीय बिजली गिरने से महिला की मौत



**चाकसू।** उपखण्ड क्षेत्र के मंडालिया ग्राम पंचायत में सोमवार शाम को खेत से घर लौट रही एक महिला की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार से सांपला गांव सरपंच की ढाणी में रहने वाली अनीशा देवी मीणा पत्नी धुड़ाराम मीणा खेत पर कृषि का कार्य करने गई थी। शाम के वक्त वह खेत से सिर पर ईंधन लेकर वापस घर पर लौट रही थी। इसी दौरान उस पर आकाशीय बिजली गिर गई। परिजनों के अनुसार विवाहिता देर तक वापस घर पर नही पहुंची तो वे उसकी तलाश में खेत की तरफ गए, जंहा रास्ते में महिला बेहोश पड़ी मिली। परिजन उसे उपजिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## आचार संहिता समाप्त होने के साथ ही प्रदेश भाजपा में शुरू होगा सियासी नियुक्तियों का दौर

# राजनीतिक नियुक्तियों के लिए लॉबिंग शुरू, दौड़-भाग हुई तेज

बेधड़क | जयपुर

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद देशभर में भले ही नेताओं के लिए अब लाल बत्ती चलन समाप्त हो गया हो, लेकिन नेताओं के लिए राजनीतिक नियुक्तियों में मंत्री का दर्जा मिलने को आज भी लाल बत्ती मिलना ही कहा जाता है।

लोकसभा चुनाव को लेकर लगी आदर्श आचार संहिता भले ही 4 जून के बाद समाप्त होगी, लेकिन सरकार के स्तर पर इसको लेकर तैयारियां चल रही हैं। माना जा रहा है कि आचार संहिता समाप्त होने के साथ प्रदेश की भजनलाल सरकार प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियां का दौर शुरू



करेगी। सरकार के स्तर हो रही इस हलचल के बीच स्थानीय नेताओं ने भी दौड़ भाग करनी शुरू कर दी है। इन दिनों नेता विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान किए गए कामकाज के रिपोर्ट कार्ड को लेकर जयपुर से दिल्ली तक लॉबिंग कर रहे हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो लोकसभा चुनाव से पहले ही प्रमुख नेताओं को यह आश्वासन मिल चुका है कि यदि उनके विधानसभा क्षेत्र में पार्टी की अच्छी परफॉर्मेंस रही, तो उनका सम्मान बरकरार रखा जाएगा।

### टिकट से वंचित रहे नेताओं के नाम चर्चा में

प्रदेश भाजपा में जिन नेताओं को विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिला और उन्होंने संगठन में अच्छा काम किया है, उन्हें भी आश्वासन मिला हुआ है। प्रदेश में 40 से ज्यादा ऐसे नेता हैं, जिनके नामों की चर्चा बोर्ड-निगमों में नियुक्ति के लिए चल रही है। इनमें से कुछ प्रमुख नेता वो भी हैं, जिनको विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। इसके साथ यह भी माना जा रहा है कुछ वर्तमान विधायकों को भी मंत्रिमंडल की जगह बोर्ड-निगमों में नियुक्ति दी जा सकती है। इसके साथ ही कुछ युवा चेहरों को भी राजनीतिक नियुक्तियों में अहम जिम्मेदारी मिल सकती है। वहीं, जातीय बोर्ड में भी समीकरण बिठाने का प्रयास किया जाएगा।

### चुनाव की परफॉर्मेंस होगी नियुक्ति का आधार

राजस्थान में अब राजनीतिक नियुक्तियों के लिए लॉबिंग की कवायद शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में नेताओं की परफॉर्मेंस के आधार पर राजनीतिक नियुक्तियां होंगी। करीब एक दर्जन नेताओं को बोर्ड एवं निगमों में चेयरमैन नियुक्त कर कैबिनेट और राज्य मंत्री स्तर का दर्जा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री बनने के बाद भजनलाल शर्मा ने अभी तक ज्यादा राजनीतिक नियुक्तियां नहीं की हैं। आचार संहिता लगने से ठीक पहले 7 बोर्ड के अध्यक्षों की जरूर आनन-फानन में नियुक्ति के आदेश निकाले गए थे, लेकिन आचार संहिता प्रभावी होने के चलते इनमे से कोई भी पदभार नहीं संभाल सका। इसके अलावा अभी भी करीब एक दर्जन से ज्यादा बोर्ड आयोग सहित अन्य पदों पर राजनीतिक नियुक्तियां होनी हैं। राजनीतिक पदों की चाह रखने वाले नेताओं ने दिल्ली की दौड़ तेज कर दी है। पार्टी सूत्रों की मानें तो विधानसभा और लोकसभा चुनाव की परफॉर्मेंस ही राजनितिक नियुक्तियों का आधार होगा। यही वजह है कि नेता अपनी-अपनी परफॉर्मेंस रिपोर्ट के साथ लॉबिंग कर रहे हैं।

## सीएम भजनलाल ने करनाल में आयोजित सभा में कहा...

# प्रधानमंत्री मोदी ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से मुक्त किया

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों का बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों ने खुशहाल और विकसित भारत का सपना देखा था, लेकिन कांग्रेस ने सत्ता में आने के बाद उनके सपनों पर पानी फेर दिया और वर्षों तक देश में भ्रष्टाचार किया। उनके राज में आए दिन एक से बढ़कर एक घोटाले उजागर होते रहे।

मुख्यमंत्री सोमवार को हरियाणा के असंध में करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल खट्टर के समर्थन में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी आज गरीबी हटाने की बात कर रहे हैं।

ऐसी ही बातें कभी उनकी दादी इंदिरा गांधी भी किया करती थीं, लेकिन देश से कभी गरीबी हटी नहीं। सीएम शर्मा ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के 25 करोड़ लोगो को गरीबी से छुटकारा दिलाया है। उनके कार्यकाल में गरीब कल्याण, देश का विकास, सीमाओं की सुरक्षा और देश का सम्मान बढ़ाने सहित सभी क्षेत्रों में देश ने बेमिसाल उन्नति की है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 1998 में 11 और 13 मई के दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने पोकरण में परमाणु परीक्षण कर दुनिया को भारत की ताकत का अहसास दिलाया था। कई देशों ने भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने की बात भी कही, लेकिन वाजपेयी विचलित नहीं हुए। सीएम शर्मा ने कहा कि इसी प्रकार का साहस और दृढ़ निश्चय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में भी है। वर्ष 2014 से पहले देश में आए दिन आतंकी घटनाएं होती रहती थीं।

लावारिस वस्तुओं को न छूने के विज्ञापन जारी होते थे। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में इस तरह की घटनाएं करने की किसी की हिम्मत नहीं होती। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सीमा पर तैनात देश के जवानों के बीच जाकर उनका हौसला बढ़ाते हैं, जबकि कांग्रेस के नेता पाकिस्तान के प्रति प्रेम जताते हैं। यदि उन्हें पाकिस्तान से इतना ही प्रेम है तो वीजा बनवाकर वहां रहने लग जाएं।




### कांग्रेस ने जाति, धर्म के आधार पर देश को बांटा

मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही तुष्टीकरण के आधार पर देश चलाती आ रही है। इस पार्टी ने जाति, धर्म और प्रांत के आधार पर देश को बांटने का काम किया है और इन दिनों ये लोग रंगभेद की राजनीति भी करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 लगाई। कांग्रेसी कहते थे कि धारा-370 हटाई तो खून की नदियां बहेंगी, लेकिन पीएम मोदी ने अपने दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति से धारा-370 हटाकर सभी देशवासियों को वहां बराबर का अधिकार दिया और अमन-शांति कायम की। कांग्रेस ने हमेशा देशवासियों को धोखा दिया है और इनके गठबंधन के साथी इनसे भी बड़े ठग है और इनका गठबंधन नहीं ठगबंधन है।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में देश बनेगा महाशक्ति

मुख्यमंत्री भजन लाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि 21 वीं सदी भारत की होगी। आज उन नरेंद्र (स्वामी विवेकानंद) के संकल्प को हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में साकार होता हुआ देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन की भारी बहुमत से जीत होगी और नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। सीएम शर्मा ने कहा कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में आने वाले वर्षा में भारत महाशक्ति बनेगा और दुनिया का सिरमौर होगा। उन्होंने कहा कि केजरीवाल अन्ना हजारे का सहारा लेकर भ्रष्टाचार हटाने के मुद्दे पर राजनीति में आए थे, लेकिन खुद ही भ्रष्टाचार में पूरी तरह डूब गए। उन्होंने करनाल से भाजपा प्रत्याशी श्री मनोहर लाल खट्टर को विजयी बनाने की अपील की।

## हाई कोर्ट ने दिए आदेश

# रेल रोकने के मामले में मंत्री किरोड़ी के खिलाफ कार्रवाई पर रोक

बेधड़क | जयपुर



राजस्थान हाईकोर्ट ने वर्ष 2012 में दौसा रेलवे स्टेशन पर बिना अनुमति रेल रोकने के मामले में कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के खिलाफ रेलवे कोर्ट में चल रही कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश किरोड़ी लाल मीणा की आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता सुधीर जैन ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता सहित चार लोगों पर 9 अप्रैल, 2012 को दौसा रेलवे स्टेशन पर बिना अनुमति रेल रोकने का आरोप है। इसे लेकर आरपीएफ थाना, दौसा ने मामला दर्ज किया था।

प्रकरण में आरोप पत्र पेश होने के बाद रेलवे कोर्ट में सुनवाई चल रही है। इसी बीच वर्ष 2020 में रेलवे की ओर से कोर्ट में प्रार्थना पत्र पेश कर केस वापस लेने की अनुमति मांगी गई। इस प्रार्थना पत्र को रेलवे कोर्ट ने 6 जनवरी, 2021 को खारिज कर दिया। इसके खिलाफ पेश रिवीजन को भी अदालत ने गत 16 मार्च को खारिज कर दिया था। दोनों आदेशों को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा गया कि कोर्ट ने रेलवे के प्रार्थना पत्र की व्याख्या सही ढंग से नहीं की है। ऐसे में निचली अदालत का आदेश रद्द कर केस वापस लेने की अनुमति दी जाए।

वहीं, रेलवे सुरक्षा बल की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल राजदीपक रस्तोगी ने जवाब पेश करने के लिए समय मांगा। उन्होंने स्वीकार किया की रेलवे इस मुक़दमे को आगे नहीं चलाना चाहती है और इसे व्यापक जनहित में वापस लेना चाहती है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद एकलपीठ ने निचली अदालत में चल रही कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

## क्रीड़ा भारती सदस्यों ने राज्यपाल से की भेंट



*जयपुर। राजभवन में सोमवार को क्रीड़ा भारती के पदाधिकारियों ने राज्यपाल कलराज मिश्र से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान क्रीड़ा भारती की ओर से खेल क्षेत्र में किए जा रहे कार्य तथा भारतीय परंपरागत खेलों को लेकर विस्तार से सकारात्मक चर्चा हुई। इस मौके पर क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल सैनी, संगठन मंत्री प्रसाद महानकर, प्रदेश संयोजक मेघसिंह चौहान, प्रांत मंत्री कैलाश शर्मा, प्रांत संपर्क प्रमुख ओ. पी. यादव मौजूद रहे।*

## प्रचार अभियान व चुनाव प्रबंधन को लेकर किया मंथन

# गहलोत ने ली कांग्रेस-सपा नेताओं की बैठक

बेधड़क | जयपुर

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कांग्रेस के लिए नाक का सवाल बनी परंपरागत अमेठी सीट पर चुनाव प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रखी है।

उन्होंने अमेठी के गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय में सोमवार को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के प्रमुख नेताओं की बैठक ली और प्रचार अभियान व चुनाव प्रबंधन को लेकर मंथन किया। इस मौके पर भाजपा और कांग्रेस के घोषणा पत्र के बहाने उन्होंने भाजपा की हार की भविष्यवाणी कर दी। इस बैठक में राजस्थान के कांग्रेस नेता भी शामिल रहे। जिन्हें अमेठी सीट पर पार्टी को मजबूत करने का जिम्मा सौंपा गया है। अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि 'आज गौरीगंज, अमेठी स्थित पार्टी कार्यालय में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल एवं समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष राम उदित यादव के साथ दोनों पार्टियों के प्रमुख नेताओं एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से बैठक की।

जनता के सामने अब यह स्पष्ट है कि इंडिया गठबंधन ही देश और लोकतंत्र को बचाएगा। भाजपा अपने घोषणा पत्र के बारे में कोई बात तक नहीं कर पा रही है एवं पूरी चर्चा कांग्रेस के घोषणा पत्र की हो रही है।

यह भाजपा की हार का स्पष्ट संकेत है।' अशोक गहलोत ने कहा, यह सुखद संयोग है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समन्वय व एकजुटता से चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि अमेठी में आज जो भी विकास दिख रहा है। वो गांधी परिवार की ही देन है।

### हैलीपेड पर प्रियंका गांधी से चर्चा

अशोक गहलोत ने अमेठी हैलीपेड पर कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी से चुनाव संबंधित आवश्यक चर्चा की और अमेठी की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी। इससे पहले उन्होंने बैठक में कहा कि जनता देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का मानस बना चुकी है और 4 जून को अप्रत्याशित परिणाम आने वाले हैं। उन्होंने इस लोकसभा चुनाव को लोकतंत्र व संविधान को बचाने वाला गंभीर चुनाव बताते हुए कहा कि जनता का मोह प्रधानमंत्री मोदी से खत्म हो गया है। जनता भ्रम व भावनाओं से ऊपर उठ कर भविष्य की तस्वीर सामने रख कर मतदान करने का मन बना चुकी है।

## भाजपा प्रवक्ता और पैनेलिस्टों की ली बैठक

# PM मोदी के फैसलों और विपक्ष की कुनीति को करें उजागर: गोठवाल

बेधड़क | जयपुर

भाजपा प्रदेश महामंत्री और खण्डार विधानसभा से विधायक जितेंद्र गोठवाल ने सोमवार को भाजपा कार्यालय में प्रदेश प्रवक्ता, पैनेलिस्ट और मीडिया टीम के सदस्यों की बैठक ली। इस दौरान भाजपा प्रवक्ता और पैनेलिस्ट से विभिन्न विषयों पर चर्चा करने के साथ सुझाव भी मांगे गए।

वहीं भाजपा मीडिया टीम द्वारा लोकसभा चुनावों में किए गए कार्यों की प्रशंसा की और आगामी रणनीति को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रदेश महामंत्री गोठवाल ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के सभी प्रवक्ता और पैनेलिस्टों को समसामयिक घटनाओं के साथ विषयों की समझ होनी चाहिए।

केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति पर कार्य किए हैं। ऐसे में सभी प्रवक्ताओं और पैनेलिस्टों को मोदी सरकार की योजनाओं को तथ्यों के साथ डिबेट में शामिल किया जाना चाहिए।

गोठवाल ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस द्वारा सरकार की योजनाओं पर झूठ फैलाकर जनता को गुमराह किया जा रहा है। ऐसे में प्रवक्ता और पैनेलिस्टों द्वारा विषय पर




स्थिति को साफ करते हुए विपक्ष की कुनीति को जनता के सामने लाने का काम करना चाहिए।

### आमजन के हित में हो रहे ऐतिहासिक फैसले

प्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा आम जन के पक्ष में लगातार एक के बाद एक ऐतिहासिक फैसले किए जा रहे है, जबकि कांग्रेसी नेताओं द्वारा जनता को भ्रमित किया जा रहा है। ऐसे में भाजपा के सभी पदाधिकारियों के साथ प्रदेश प्रवक्ता और पैनेलिस्ट भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। बैठक में प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, सह संयोजक मेहराज सिंह चौधरी, भाजपा मीडिया कार्यालय प्रभारी चंपालाल रामावत, प्रवक्ता प्रताव राव कोशिक, विकास सोमानी, पैनेलिस्ट श्याम सुंदर झा, नमित जैन एंव प्रदेश मीडिया कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे।

### BJP का कार्यकर्ता अनुशासित

महामंत्री जितेंद्र गोठवाल और भाजपा कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने दोपहर में प्रदेश कार्यालय स्टाफ से संवाद किया। इस दौरान स्टाफ द्वारा विधानसभा और लोकसभा चुनावों में किए गए कार्य की प्रशंसा की और उनके अनुभव साझा करने के साथ ही आगामी कार्यों पर चर्चा की। इस दौरान गोठवाल ने कहा कि भाजपा संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासन की पालना करता है। इसलिए भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। भाजपा के कार्यकर्ता के साथ स्टाफ भी अनुशासन को सर्वोपरि मानता है। भाजपा के प्रत्येक स्टाफ और कार्यकर्ता की मेहनत एवं परिश्रम से ही प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है और केंद्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनेगी।

## जरूरी खबर

### आयुक्त ने किया ट्रांसफर स्टेशनों का निरीक्षण



**जयपुर।** नगर निगम ग्रेटर आयुक्त रुक्मणि रियाड़ ने सोमवार को ट्रांसफर स्टेशनों का निरीक्षण किया। इन ट्रांसफर स्टेशनों में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के तहत हूपर्स द्वारा कचरा खाली किया जाता है। आयुक्त ने बम्बाला पुलिया के पास का ट्रांसफर स्टेशन, रीको मानसरोवर ट्रांसफर स्टेशन, कालवाड़ रोड़ पर बने ट्रांसफर स्टेशन का विजिट किया। इस दौरान अधीक्षण अभियंता नितिन शर्मा, उपायुक्त गैराज अतुल शर्मा मौजूद रहे। आयुक्त ने ट्रांसफर स्टेशन के डवलपमेंट सहित आधुनिकीकरण के साथ-साथ कचरे के मैनेजमेंट के भी निर्देश दिए। आयुक्त ने शिप्रा पथ पर चल रहे फुटपाथ एवं डिवाइडर के सिविल वर्क को भी देखा तथा कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### समर्पण दिवस पर सत्संग का आयोजन



**जयपुर।** निरंकारी भक्तों ने जयपुर जोन 20 बी की सभी ब्रांचों में बाबा हरदेव सिंह की स्मृति में 'समर्पण दिवस' का मनाया गया। इस मौके पर देश-विदेश में समर्पण दिवस सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाबा हरदेव सिंह की आध्यात्मिक शिक्षाओं पर चर्चा की गई और बाबा के विचारों को अपने जीवन में धारण करने और उनकी शिक्षा पर चलने का आह्वान किया गया। सतगुरु माता सुदीक्षा जी एवं निरंकारी राजपिता रमित के सान्निध्य में संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा में भी समर्पण दिवस मनाया गया, जिसमें बाबा हरदेव सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने ली रिव्यू मीटिंग

# बाढ़ की स्थिति बनी तो सामुदायिक केंद्रों को बनाया जाएगा रेस्क्यू सेंटर

**निर्देश** मानसून से पहले सभी नाले-नालियां साफ कराएं, जल भराव वाले क्षेत्रों में मडपम्प और मिट्टी के कट्टों की करें व्यवस्था

**बेधड़क** | जयपुर

हेरिटेज नगर निगम बारिश के दिनों में शहर में बाढ़ की स्थित बनने पर सामुदायिक भवनों को रेस्क्यू सेंटर्स के रूप में काम में लेगा। इसके लिए हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने सोमवार को निगम मुख्यालय में हुई रिव्यू मीटिंग में हेरिटेज निगम क्षेत्र में आने वाले सामुदायिक भवनों की स्थिति का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मीटिंग में मौजूद सभी जोन और मुख्यालय उपायुक्तों को निर्देश दिए कि ऐसे क्षेत्रों को जल्द चिन्हित करें, जहां पानी भरता है। सभी जोन कार्यालयों में मडपम्प, मिट्टी के कट्टे भी तैयार करा लें, ताकि क्षेत्र में बारिश का पानी भरने की स्थिति में आमजन को तुरंत मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि हेरिटेज निगम में सभी बड़े नाले और नालियां जल्द साफ हो जाने चाहिए, साथ ही बारिश को देखते हुए जल्द कंट्रोल रूम तैयार करने निर्देश दिया। निगम के संसाधन और मशीनरी को निरीक्षण कर चैक करने का भी निर्देश दिया।



#### कच्ची बस्तियों में विशेष व्यवस्था करवाएं

निगम आयुक्त सुराणा ने कहा कि कच्ची बस्तियों में विशेष व्यवस्था कराई जाए। साथ ही ऐसे क्षेत्रों को जल्द चिन्हित करें, जहां पानी भरता है। मिट्टी के कट्टे और मडपम्प इत्यादि आपदा राहत सामान नजदीकी निगम कार्यालयों में रखवाए जाएं। उन्होंने गैराज शाखा को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

#### स्वच्छ गार्डन प्रतियोगिता कराएगा हेरिटेज निगम

वहीं, बैठक में आयुक्त सुराणा ने गार्डन की देखभाल कर रही कॉलोनी विकास समितियों के काम काज की समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जोन उपायुक्त और गार्डन उपायुक्त सभी समितियों के काम काज का निरीक्षण करे और गार्डन की देखभाल करने वाली समितियों के बीच एक स्वच्छ गार्डन प्रतियोगिता भी आयोजित कराएं।

## पांच ट्रक और तीन ट्रैक्टर सामान जब्त



**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम ने सोमवार को यातायात के साथ संयुक्त अभियान चलाते हुए सड़क और बरामदों से अतिक्रमण हटाया। हेरिटेज निगम के सतर्कता उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाया गया, जिसमें सतर्कता शाखा ने कार्रवाई करते हुए सोडाला, 22 गोदाम, राम मंदिर, श्याम नगर सब्जी मंडी और हवा सड़क पर सड़क, फुटपाथ और सार्वजनिक स्थल से अस्थाई अतिकमण को हटाया और पांच ट्रक और तीन ट्रैक्टर सामान जब्त कर जनता मार्केट गोदाम में जमा कराया गया। उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह ने बताया कि सतर्कता शाखा ने व्यापारियों से अतिक्रमण नहीं करने के लिए समझाइश भी की।

## गंदगी फैलाने पर 65300 रुपए का कैरिंग चार्ज वसूला

**जयपुर।** नगर निगम हेरिटेज ने सड़क पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 65300 रुपए कैरिंग चार्ज वसूल किया। हेरिटेज निगम अभिषेक सुराणा के निर्देश पर और उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका के नेतृत्व में स्वास्थ्य शाखा की सीएसआई और वॉच राइडर ने सोमवार को कार्रवाई की।

इसमें मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ने 33 हजार तीन सौ रुपए, चालान प्रकोष्ठ ने 21600 रुपए और वॉच राइडर ने 10400 रुपए का चालान किया। आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि निगम के स्वच्छता प्रहरी लगातार क्षेत्र में जाकर लोगों से गंदगी नहीं फैलाने पर समझाइश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को भी जयपुर को स्वच्छ बनाने में निगम का सहयोग देना चाहिए।

सड़क पर कचरा नहीं फेंकना चाहिए। अपने घर और कार्यालय में सूखा कचरा और गीला कचरा अलग-अलग कचरा पात्र में डालें और कचरा सीधा हूपर में ही डालें। सभी पॉलिथीन का उपयोग करने से बचें और कपड़े एवं जूट से बने हुए थैलों का प्रयोग करें।

## शाश्वत गीता

### "परमात्मा ने संसार नही बनाया, परमात्मा संसार बना है"



विनायक शर्मा
आध्यात्मिक प्रचारक

परमात्मा कोई और मनवाकर हमें उससे सदैव दूर रखा गया, शास्त्रों के भी गलत अर्थों ने हमें समय के साथ अज्ञानता की ओर धकेला है, एक ही "ब्रह्म" है दूसरा कोई है ही नहीं, परमात्मा के सिवाय कोई अस्तित्व हो ही नहीं सकता, जब प्रलय के बाद सब उसी परमात्मा में विलीन होना है तो यह बात सुनिश्चित है की सब उसी परमात्मा से निकला है, तो जो कभी हमसे दूर गया ही नहीं, उसे हम दूर मानकर पुकार क्यों रहे हैं, खो हम गए हैं और ढूंढ परमात्मा को रहे हैं, इंद्रियों को या शरीर को स्वयं मानोगे तो परमात्मा कोई और प्रतीत होगा, किंतु आत्म स्वरूप परमात्मा की खोज करोगे तो स्वयं मिट जाओगे तब परमात्मा का साक्षात्कार होगा,जब तक "मैं" रहेगा तब तक परमात्मा नहीं दिखाई देगा, क्योंकि दो के अस्तित्व में परमात्मा है ही नही, तुम्हारी प्रार्थना सिर्फ उस परमात्मा को धन्यवाद देने की होनी चाहिए जो तुम्हारे भीतर बैठा है, जो तुम्हारे बताने से पहले तुम्हारी हर बात को जानता है, उससे कुछ भी छिपा नहीं है, किंतु तुम्हारी बिना खोजे मान्यताओं के कारण तुम्हें वह कहीं दूर प्रतीत हो रहा है, और आज तक समझाया भी यही गया है, जिसे हमने "करुणानिधान" कहा है वो एक क्षण भी हमसे दूर कैसे जा सकता है, यह अस्तित्व,हम सब, सारी प्रकृति, सारा ब्रह्मांड वह परमात्मा ही है, परमात्मा ने संसार नही बनाया वह ख़ुद संसार बन गया है, उसी में स्वयं विचरण कर रहा है और एक दिन स्वयं में ही विलीन कर लेगा इसीलिए चिंता की कोई ज़रूरत नहीं है, परमात्मा की इच्छा में ही जीयो उसी की इच्छा में रहो उसी को सब समर्पित कर दो फिर पूरा अस्तित्व ही तुम्हारी इच्छा से चलेगा । मुक्ति की ज़रूरत मन से उत्पन्न हुई विकृतियों को है, वह आत्मा तो सदैव मुक्त ही है । उसे कोई बंधन कभी बांध ही नहीं सकता ।

## गो संरक्षण का संकल्प दिलाया



**बेधड़क** | जयपुर

विद्याश्रम स्कूल स्थित महाराणा प्रताप सभागार में ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के सानिध्य में श्रीमद् भागवत-गीता, धर्म सभा प्रवचन एवं पादुकापूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शंकराचार्य ने उपस्थित लोगों को गो संरक्षण का संकल्प दिलाया। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ ने भी भाग लिया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खबर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें ।

### कार्रवाई के विरोध में उतरी प्राइवेट डॉक्टर्स एसोसिएशन, कहा...

## जांच पूरी हुए बिना गिरफ्तारी सही नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

फर्जी एनओसी से किडनी-लीवर ट्रांसप्लांट के मामले में अब डॉक्टर्स और प्राइवेट हॉस्पिटल की यूनियन फोर्टिस हॉस्पिटल के दो डॉक्टर्स की गिरफ्तारी के विरोध में उतर गई है। प्राइवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी के प्रेसिडेंट डॉ. विजय कपूर ने इस कार्रवाई को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि बिना जांच पूरी हुए डॉक्टरों की गिरफ्तारी सही नहीं है। डॉ. कपूर ने कहा कि डॉ. संदीप गुप्ता और डॉ. जितेन्द्र गोस्वामी को जांच पूरी हुए बिना ही गिरफ्तार करना गलत है। हम चाहते हैं कि पहले जांच हो और जो दोषी है, उसे सजा मिले। ऐसा न हो कि निर्दोष को भी सजा भुगतनी पड़े। डॉ. कपूर ने बताया कि किसी भी हॉस्पिटल में अंग प्रत्यारोपण में एक डॉक्टर की भूमिका केवल मरीज की जांच करना है। इसके अलावा मरीज सभी कागजी कार्यवाही पूरी होने के बाद उसका ऑपरेशन करके ऑपरेशन के बाद मरीज की देखभाल करना है। किडनी ट्रांसप्लांट में भी नेफ्रोलॉजिस्ट और यूरोलॉजिस्ट का काम यही होता है। इस प्रकरण में जांच पूरी हुए बिना ही डॉक्टरों पर भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के साथ धारा 370 लगाकर गिरफ्तार करना गैर संवैधानिक है।



संदीप गुप्ता जितेन्द्र गोस्वामी

### मुख्य सचिव सुधांश पंत ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

## संगठित अपराध के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सोमवार को शासन सचिवालय में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनन्द कुमार व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पुलिस विभाग, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, कारागार, गृह रक्षा, अभियोजन तथा राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला के विभागाध्यक्षों के विभागीय कार्यों की समीक्षा की।

समीक्षा बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि राज्य में मादक पदार्थ, खनन माफिया, संगठित अपराध के विरूद्ध सघन निरोधात्मक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला अत्याचार के प्रति अति संवेदनशील है। महिलाओं के साथ किसी भी तरह की घटना होने पर उसकी त्वरित जांच कर अपराधी को सजा दिलवाना सुनिश्चित किया जाये। इसके लिए सभी कार्मिकों तथा कम्युनिटी पुलिसिंग को भी क्रियाशील किया जाए, जिससे अपराधियों में भय व आमजन में विश्वास हो।



पंत ने निर्देश दिए कि अपराधियों को सजा दिलवाने के लिए राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा त्वरित सेंपल परीक्षण किए जाएं। जेलों में नवीनतम तकनीकों का अध्ययन कर जैमर/टावर लगवाए जाएं, ताकि जेल से अपराधियों द्वारा बाहर सम्पर्क नहीं किया जा सके।

बैठक में रश्मि गुप्ता, यूआर साहू, महानिदेशक पुलिस, राजेश निर्वाण, महानिदेशक, गृह रक्षा व कारागार, रवि प्रकाश मेहरड़ा, महानिदेशक, एसीबी, रवि शर्मा, निदेशक, अभियोजन, अजय शर्मा, निदेशक, एफएसएल व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

### नेशनल सिम्पोजियम ऑन बीईएमपी में बोलीं एमडी आरएमएससीएल नेहा गिरी

# बायोमेडिकल उपकरणों के प्रबंधन से मिलते हैं बेहतर उपचार परिणाम

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने कहा कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण जांच एवं उपचार उपलब्ध कराने तथा स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए बायोमेडिकल उपकरणों का उचित प्रबंधन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रदेश में बायोमेडिकल उपकरण मरम्मत और रखरखाव कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। चिकित्सा उपकरणों की मरम्मत एवं नियमित रखरखाव से निदान और उपचार परिणामों को बेहतर बनाने में काफी मदद मिलती है।

नेहा गिरि सोमवार को 'बायोमेडिकल इक्विपमेंट मैनेजमेंट प्रोग्राम बूस्टः एलिवेटिंग हॉस्पिटल सर्विसेज विद सीमलेस रिपेयर एंड मेंटीनेंस एक्सीलेंस विषय पर आयोजित नेशनल सिम्पोजियम को संबोधित कर रही थीं। कहा कि संगोष्ठी में सभी हितधारकों के साथ परामर्श कर बायोमेडिकल उपकरणों के प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज तैयार किया जाएगा। हमारा प्रयास है कि बायोमेडिकल उपकरणों के क्षेत्र में रिसर्च एवं प्रबंधन की गुणवत्ता में सुधार हो, उपकरणों का डाउनटाइम कम हो तथा स्वास्थ्य सेवाओं की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि बायोमेडिकल इक्विपमेंट मैनेजमेंट से उपकरणों की परिचालन दक्षता बढ़ने के साथ ही लागत कम करने में भी मदद मिलती है।



#### यूजर प्रशिक्षण पर प्रजेंटेशन

एम्स जोधपुर के प्रोफेसर पंकज भारद्वाज ने हैल्थ सिस्टम के सुदृढ़ीकरण में बीईएमपी की भूमिका पर चर्चा की। जीकेएस हैल्थ सोल के सीईओ राकेश गौतम ने आरएफपी के क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षित मैनपावर तथा मेडिसिटी हैल्थ केयर सर्विसेज के हैड निगम गुप्ता ने उपकरणों के लिए यूजर प्रशिक्षण पर प्रजेंटेशन दिया। ट्रिम्ड सोल्यूशन के एमडी डीसेल्वा कुमार, मध्यप्रदेश में बीईएमपी कार्यक्रम के एसएनओ डॉ. योगेश कुमार, कर्नाटक के डॉ. अर्चना रॉबिनसन ने भी बायोमेडिकल उपकरणों के रख-रखाव को लेकर प्रस्तुतिकरण दिया।

#### ई उपकरण से 1 लाख से अधिक शिकायतों का निस्तारण

प्रबंध निदेशक ने बताया कि बीईएमपी कार्यक्रम के तहत पिछले महीने तक कुल 1 लाख 43 हजार 631 उपकरणों को ई-उपकरण सॉफ्टवेयर में मैप किया गया है। इस कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से पंजीकृत ऑनलाइन शिकायतों 1 लाख 44 हजार 465 में से 1 लाख 44 हजार 234 का सफलतापूर्वक समाधान किया गया है। अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम अरूण गर्ग ने कहा कि बायोमेडिकल इक्विपमेंट मैनेजमेंट लागू करने से उपकरणों की मेंटीनेंस लागत में कमी आती है और महंगे बायोमेडिकल उपकरणों के उपयोग की अवधि को बढ़ाया जा सकता है। इससे उपकरणों को बार-बार बदलने की आवश्यकता भी कम हो जाती है। आरएमएससी की कार्यकारी निदेशक (लॉजिस्टिक) डॉ. कल्पना व्यास ने कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में अवगत कराया। आरयूएचएस के प्रतिनिधि जितेन्द्र आहूजा ने अस्पतालों के परिप्रेक्ष्य में बीईएमपी पर जानकारी दी। इन्वेंट्री मैनेजमेंट के एसएनओ डॉ. प्रेमसिंह ने राजस्थान उपकरण प्रबंध कार्यक्रम की प्रमुख चुनौतियों के बारे में विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

## जरूरी खबर

### अभिनेत्री हुमा ने ख्वाजा की दरगाह पर की जियारत



**अजमेर।** सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह में फिल्म अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने सोमवार को हाजरी लगाई। उन्होंने दरगाह में मखमली चादर और अकीदत के फूल पेश कर फिल्म जॉली एलएलबी-3 की कामयाबी की दुआ मांगी। साथ ही दरगाह में मन्नत का धागा भी बांधा। इस दौरान हुमा कुरैशी के साथ जॉली एलएलबी-3 की फिल्म यूनिट से जुड़े हुए लोग भी मौजूद थे। हुमा कुरैशी को खादिम सैयद कुतुबुद्दीन सखी ने जियारत करवाई और तबर्रुक भेंट किया।

### बदमाशों ने मांगी 1 करोड़ की रंगदारी, हवाई फायर किया

**अलवर।** एक रेस्टोरेंट के बाहर बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाश हवा में फायरिंग करके रेस्टोरेंटकर्मी को एक करोड़ रुपए की मांग वाली रंगदारी की पर्ची देकर फरार हो गए। पर्ची में लिखा था अभी तो ट्रेलर था, एक करोड़ चाहिए नहीं तो अगली गोली माथे में लगेगी। मामला शहर के जेल सर्किल के पास साईं लीला रेस्टोरेंट का है। यहां दो नकाबपोश बाइक सवार बदमाशों ने फायरिंग की और रेस्टोरेंट के रिसेप्शन पर बैठे कर्मचारियों को रंगदारी की पर्ची थमाकर फरार हो गए। पर्ची में चार बदमाशों के नाम भी लिखे हुए हैं। वहीं सीसीटीवी फुटेज खंगालकर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी हुई है।

### लकवाग्रस्त मरीज को घर के बाहर पटकने का विरोध



**अजमेर।** बैंक लोन की किस्त न जमा कराने पर कर्मचारियों ने लकवाग्रस्त मरीज को खाट सहित बाहर पटक दिया और मकान पर कब्जा कर लिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने नाराजगी जताई। सोमवार को पूर्व सरपंच चंद्रभान गुर्जर मरीज को अजमेर कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित के पास लेकर पहुंचे। उन्होंने बैंक की बैंक कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठाई। उन्होंने बताया कि दौराई कंचन नगर के रहने वाले जगदीश बाकोलिया ने 2020 में आदित्य बिरला कैपिटल बैंक से 80 हजार रुपए का लोन लिया था। 30 सितंबर 2021 को उसने दूसरे बैंक में लोन ट्रांसफर करवा लिया। बाद में वह लकवा ग्रस्त हो गया इसके चलते बैंक की किस्त समय पर नहीं जमा हो सकी।

भीषण गर्मी को देखते हुए सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में वन्यजीवों के लिए किए खास इंतजाम

# भालू खा रहा आइसक्रीम, टाइगर पी रहा इलेक्ट्रॉल पाउडर

बेधड़क | उदयपुर

प्रदेश में चिलचिलाती गर्मी और लू से जहां जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं वन्यजीव भी गर्मी की मार से परेशान हैं। गर्मी से बचाव के लिए लोग घरों में पंखे, कूलर और एसी का सहारा ले रहे हैं।

दोपहर के समय बहुत जरूरी होने पर ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। ऐसे में दोपहर के समय बाहर निकलने पर वे धूप से बचाव का जाब्ता करके निकल रहे हैं। वहीं दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा सा पसरा नजर आता है। दुकानों पर ग्राहकों की बहुत ही कम आवाजाही नजर आ रही है। ऐसे में गर्मी से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं वन्यजीव अभ्यारण्यों में भी वन्यजीवों को गर्मी से बचाव के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं। वन्यजीवों को गर्मी से बचाने के लिए वन विभाग भी अलग-अलग जतन कर रहा है। गर्मी को देखते हुए वन्य जीवों के खान-पान और डाइट में बदलाव किया गया है। वहीं, वन्य जीवों को गर्मी से बचाने के लिए कूलर और पंखों के साथ नेट लगाए गए हैं। इतना ही नहीं कई वन्य जीवों को आइसक्रीम और ठंडे पदार्थ भी भोजन में दिए जा रहे हैं।





### खान-पान बदला, दे रहे स्पेशल डाइट

उदयपुर के सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में वन्यजीवों की डाइट बदल गई है। यहां पर अब भालुओं को फ्रूट आइसक्रीम दी जा रही है। भालू बड़े चाव से ठंडी-ठंडी आइसक्रीम खा रहे हैं। वहीं, गर्मी से राहत प्रदान करने के लिए ठंडी हवा के लिए कूलर लगाए गए हैं। जानवरों की देख-रेख के लिए केयर टेकर के साथ डॉक्टर की टीम लगी हुई है, जिससे जानवरों को गर्मी से कोई परेशानी न हो। साथ ही अन्य शाकाहारी जीवों को मौसमी फ्रूट दिए जा रहे हैं। जबकि मांसाहारी जीवों को पानी में इलेक्ट्रॉल पाउडर मिलाकर पिलाया जा रहा है। इन दिनों बायोलॉजिकल पार्क में भालू को आइसक्रीम के साथ अंगूर, तरबूज, केला आदि मिलाकर खिलाए जा रहे हैं।

### शाकाहारी व मांसाहारी के लिए अलग-अलग डाइट

सर्दी-गर्मी में बदल जाता है खानपान: सज्जनगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में मौसम के हिसाब से वन्य जीवों को खान-पान दिया जाता है। गर्मी में सांभर, चीतल, हिरण जैसे शाकाहारी जीवों को घास के साथ तरबूज, ककड़ी, खीरा आदि दिए जा रहे हैं। जबकि पैंथर, लॉयन, टाइगर जैसे मांसाहारी जीवों को मांस के साथ पानी में इलेक्ट्रॉल पाउडर मिलाकर दिया जा रहा है, जिससे शरीर में नमक की कमी दूर हो सके। गर्मी में वन्यजीवों को ठंडक की आवश्यकता होती है। ऐसे में पशु चिकित्सक के परामर्श अनुसार वन्य जीवों की डाइट में बदलाव किया गया है। साथ ही धूप और गर्मी से बचाव के लिए पिंजड़ों में ग्रीन मैट व कूलर लगाए गए हैं।

नगर परिषद से पत्रावली गायब, कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी को दी शिकायत

# लीज की जमीन का मिलीभगत कर बनवाया वाणिज्यिक पट्टा


दिलीप पाटीदार | बेधड़क


- नगर परिषद ने भारत पेट्रोलियम को पेट्रोल पंप संचालन के लिए लीज पर दी थी जमीन
- जगदीश नारायण सत्यनारायण फर्म के नाम जारी किया फर्जी पट्टा

**सवाईमाधोपुर।** 'चोर चोरी से जाए, हेराफेरी से नहीं' यह कहावत जिला मुख्यालय पर चरितार्थ हो रही है। यहां नगर परिषद ने मिलीभगत के चलते भारत पेट्रोलियम कंपनी लिमिटेड को पेट्रोल पंप संचालन के लिए दी गई जमीन का वाणिज्यिक पट्टा जगदीश नारायण सत्यनारायण के नाम से जारी करने का कारनामा कर दिखाया।

मजे की बात यह है कि नगर परिषद में पट्टा सम्बन्धी भूखंड की पत्रावली भी नहीं है। ऐसे में बजरिया सब्जी मंडी स्थित पेट्रोल पंप के बेशकीमती भूखंड का पट्टा फर्जी रूप से नगर परिषद से मिलीभगत कर तैयार करने का आरोप लगाते हुए लोगों ने मामले की जांच कर फर्जी पट्टा निरस्त कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीना को शिकायत की है।

शिकायतकर्ता ने मंत्री को लिखे पत्र में बताया है कि 9 सितंबर 1954 को 25 वर्ष के लिए नगर पालिका वर्तमान में परिषद ने भारत पेट्रोलियम कंपनी लिमिटेड को राज्य सरकार द्वारा 40 रुपए प्रतिमाह किराये पर दी थी। 25 वर्ष समाप्त होने पर नगर परिषद द्वारा नई लीज रिनुवल नहीं किए जाने पर लीज निरस्त करने के कंपनी को कई नोटिस दिए गए और एक बार लीज निरस्त भी कर दी गई, लेकिन 30 मार्च 1994 को पुरानी राशि जमा करते हुए 1 जून 1979 से 31 मार्च 1994 तक की लीज राशि जमा की गई और लीज एग्रीमेंट (किराया नामा) नगर पालिका तथा सीनियर डीविजन मैनेजर भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के बीच लीज लिखी गई तथा उप पंजीयक सवाईमाधोपुर के यहां रजिस्टर्ड कराई गई। आज तक भारत पेट्रोलियम कंपनी नगर परिषद को बजरिया सब्जी मंडी स्थित भूखंड का किराया जमा करा रही है। यानी उक्त भूखंड सरकारी सम्पत्ति है, जिसे केवल किराये पर सीधे भारत पेट्रोलियम कंपनी ली. को पेट्रोल पंप चलाने के दिया गया है। इसका क्षेत्रफल 100 गुणा 100 है।






### लीज पर दी जमीन का बनाया फर्जी पट्टा

बजरिया सब्जी मंडी स्थित नगर परिषद के भूखंड, जिस पर पेट्रोल पंप संचालित हो रहा है कि वर्तमान बाजार कीमत करीब सौ करोड़ रुपए से अधिक है। इस बेशकीमती जमीन का फर्जी पट्टा 6 फरवरी 2014 को तत्कालीन नगर पालिका के कर्मचारियों व अधिकारियों से मिलकर जगदीश नारायण सत्यनारायण फर्म के नाम से तैयार किया। जबकि जगदीश नारायण सत्यनारायण फर्म में कभी पार्टनर नहीं था। इसके बावजूद हस्ताक्षर पट्टेदार के रूप में हेमंत गर्ग ने खुद हस्ताक्षर किए हैं। एक तरफ नगर परिषद खुद की सरकारी भूमि मानकार उसका किराया भारत पेट्रोलियम कंपनी से ले रही है, वहीं दूसरी तरफ हेमंत गर्ग द्वारा शाश्वत पट्टा स्वयं के हस्ताक्षर से तैयार करवा लिया। जबकि नियमानुसार कोई आवासीय या वाणिज्य सरकारी भूखंड को केवल सार्वजनिक निलामी से ही विक्रय किया जा सकता है। इसे न तो रेगूलाईज किया जा सकता है, ना ही आवंटित किया जा सकता है।

### वाणिज्यिक पट्टे की पत्रावली गायब

मजे की बात यह है कि हेमंत गर्ग द्वारा बनवाए गए वाणिज्यिक पट्टे की पत्रावली नगर परिषद में नहीं है ना ही पट्टा बनाने से पूर्व कोई प्रोसेडिंग की नकल नगर परिषद में है। ऐसे में न तो पट्टा जारी किया जा सकता है और ना ही कोई राशि ही जमा की जा सकती है। सार्वजनिक उपयोग की भूमि को पेट्रोल पंप उपयोग के लिए कंपनी को दी गई और उस भूमि पर केवल कंपनी ने पेट्रोल पंप चलाने अर्थात बतौर नौकर मैसर्स जगदीश नारायण सत्यनारायण को दी है, जिससे इस जमीन का कोई संबंध नहीं है। कुल मिलाकर हेमंत गर्ग द्वारा नगर पालिका के तत्कालीन कर्मचारियों व अधिकारियों से मिलकर अथवा स्वयं द्वारा फर्जी सील मोहर तैयार कर सरकारी भूमि का पट्टा तैयार किया है या करवाया है। इस संबंध में पूर्व कलेक्टर तथा नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी को कई शिकायतें की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

सदर थाना पुलिस की कार्रवाई

## डकैती की साजिश रचते पांच गिरफ्तार, हथियारों का जखीरा भी बरामद



बेधड़क | धौलपुर

सदर थाना पुलिस ने पांच बदमाशों को डकैती की साजिश रचते हुए गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पुलिस ने 5 अवैध हथियारों के साथ 6 खाली और 7 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। सदर थाना प्रभारी राम नरेश मीणा ने बताया कि पुलिस को रविवार देर रात सूचना मिली थी कि कुछ लोग मिलिट्री स्कूल के जंगल में अवैध हथियार के साथ छुपे हुए हैं।

इस सूचना के बाद पुलिस ने एएसआई रविंद्र सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल श्रीपाल और रामरूप के साथ एक टीम मौके पर भेजी। वहां पुलिस को अवैध हथियारों के साथ बैठे हुए बदमाश दिखाई दिए। पुलिस ने बदमाशों को आत्मसमर्पण के लिए आवाज़ लगाई, लेकिन वे पुलिस को देखकर भागने लगे।

बाद में उन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पकड़े गए बदमाशों में अजय गुर्जर (21) निवासी खरगपुर थाना कोलारी के पास से एक पिस्टल देशी 32 बोर व 3 जिंदा कारतूस, जितेन्द्र गुर्जर (24) निवासी चैनपुरा भरतपुर के पास से एक पौना 12 बोर, 1 जिंदा कारतूस व एक खाली कारतूस बरामद किया है।

इसी प्रकार हेमसिंह गुर्जर (35) निवासी थाना गढीबाजना भरतपुर के पास से एक बंदूक 12 बोर, 1 जिंदा व 4 खाली कारतूस, सोनू गुर्जर (21) निवासी भारली थाना बसेड़ी से एक बंदूक 12 बोर, 1 जिंदा कारतूस व 1 खाली कारतूस और दीपेन्द्र (21) निवासी भारली थाना बसेडी से एक कट्टा 315 बोर एवं 1 कारतूस बरामद किए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी डकैती डालने की साजिश रच रहे थे।

सदर थाना प्रभारी मीणा ने बताया कि पांचों बदमाशों को गिरफ्तार कर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। इनसे आगे की जांच में संगीन एवं बड़ी वारदातें भी खुल सकती है।

दो भाइयों ने मिलकर किया हमला, अस्पताल में मौत

## जमीन विवाद में छोटे भाई की हत्या

बेधड़क | भरतपुर



डीग जिले के पहाड़ी थाना इलाके के जसौति गांव में जमीन विवाद को लेकर बड़े भाइयों ने मिलकर छोटे भाई की हत्या दी। वहीं उसके बच्चों पर भी हमला किया। घटना के दौरान जब ग्रामीण उन्हें बचाने आए तो, ग्रामीणों को वहां से भगा दिया। करीब एक घंटे तक घायल सड़क पर तड़पते रहे। घायल युवक सचिन ने बताया कि उसके पिता बच्चू सिंह चार भाई हैं। पूर्वजों की 61 बीघा जमीन है, जिसके बंटवारे को लेकर दो ताऊ मान सिंह और हीरा सिंह का परिवार उनसे झगड़ता रहता है। इसी को लेकर सोमवार गांव में एक पंचायत रखी गई थी। इसमें फैसला किया गया कि जमीन बंटवारे का फैसला मान सिंह, हीरा सिंह और बच्चू सिंह की बहनों के आने पर होगा। इसके बाद बच्चू सिंह उसका छोटा भाई परशराम बच्चू सिंह के बेटे सचिन, विष्णु घर आ रहे थे। रास्ते में बच्चू के बड़े भाई हीरा सिंह, मान सिंह, हीरा सिंह का बेटा रजमल, देवी राम, जगराम, लाला राम, जमना देवी, अनौखी ने लाठी डंडे और धारदार हथियार से उन हमला कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान बच्चू सिंह की मौत हो गई।

कलेक्टर ने जलापूर्ति व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

## आमजन से पानी व्यर्थ नहीं बहाने की अपील

बेधड़क | सवाईमाधोपुर



आमजन को पेयजल की आपूर्ति नियमित रूप से मिल सके, इसके लिए जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने सोमवार सुबह 6 बजे शहरी जल योजना सवाईमाधोपुर में अधिशासी अभियंता पीएचईडी हरज्ञान लाल मीना, कनिष्ठ अभियंता इमरान खान एवं तकनीकी स्टाफ के साथ खेरदा स्थित लवकुश कॉलोनी, अशोक नगर, कुम्हार मौहल्ला स्थित सिंगल फेज नलकूप द्वारा की जा रही जलापूर्ति का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने लवकुश कॉलोनी, अशोक नगर के घरों में जाकर पानी के प्रेशर को देखा। इसके बाद स्थानीय निवासियों से संवाद कर आपूर्ति के समय अंतराल, प्रेशर आदि जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर नलों में टूटियां नहीं होने पर उपभोक्ताओं को पेयजल की अहमियत समझाते हुए नलों में टूटियां लगवाने व लीकेज होने पर लीकेज दुरूस्त करवाने की बात कही। इस दौरान उन्होंने आमजन से पानी को व्यर्थ बहने से रोकने और पानी का सदुपयोग करने की अपील भी की। कलेक्टर डॉ. यादव ने जिन क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति नहीं हो रही वहां पर वैकल्पिक माध्यम से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के अधिशासी अभियंता हरज्ञान लाल मीना को निर्देश दिए।

पेयजल के लिए प्रदेश के कई जिलो में हाहाकार

# कहीं टंकी पर चढ़े लोग, तो कहीं रोका रास्ता... टैंकर वाले कूट रहे चांदी

प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे होने के साथ ही पेयजल के लिए कई जिलों में हाहाकार मचने लगा है। लोग पेयजल किल्लत को लेकर सरकार और प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जता रहे हैं।

### बूंदी: नियमित जलापूर्ति के लिए वार्डवासी टंकी पर चढ़े

बेधड़क | जयपुर



भीषण गर्मी के दौर में शहर की जलापूर्ति व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। इससे नाराज शहर के वार्ड 42 और 43 के वाशिंदे सोमवार को पार्षद रणजीत नायक की अगुवाई में एसपी आफिस के बाहर स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए। बाद में प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन पर वे नीचे उतरे।

इससे पहले ये लोग नैनवा रोड स्थित जलदाय विभाग कार्यालय पर पहुंचे और पानी की नियमित सप्लाई करवाने की मांग को लेकर महिलाओं के साथ मटकी फोड़कर प्रदर्शन किया। पार्षद नायक सुबह वार्डवासियों के साथ जलदाय कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। जब यहां कोई सुनवाई नहीं हुई तो वे पानी की टंकी पर चढ़ गए। लोगों के पानी की टंकी पर चढ़ने की सूचना पर डिप्टी एसपी अमर सिंह राठौड़ और सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने प्रदर्शन कर रहे लोगों से समझाइश की, लेकिन प्रदर्शनकारी पूर्व विधायक अशोक डोगरा को मौके पर बुलाने के लिए अड़े रहे। जब डिप्टी ने पूर्व विधायक डोगरा से संपर्क किया तो वे बूंदी में मौजूद नहीं थे।

### अलवर: अवैध बोरिंगों से पानी का कारोबार, ज्ञापन सौंपकर जताया विरोध

शहर में पेयजल समस्या बढ़ती ही जा रही है। शहरवासियों को रोजाना अधिकारियों के पास चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन अधिकारियों के पास से उन्हें सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। अब कॉलोनियों में अवैध बोरिंग खोदकर पानी का कारोबार किया जा रहा है। वार्ड-34 के विवेकानंद नगर कॉलोनी के लोगों ने सोमवार को पार्षद रवि मीणा के नेतृत्व में इसकी शिकायत जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता से की। पार्षद मीणा ने बताया कि इस वार्ड के मीणा मंदिर पर लगातार पांच साल से ज्यादा समय से बोरिंग चल रहा है। इससे वार्ड के 500 घरों को पानी की सुविधा मिल रही थी, लेकिन पिछले कुछ समय से इस क्षेत्र में लोगों ने अवैध बोरिंग कर पानी का कारोबार शुरू कर दिया। अवैध बोरिंग से रोजाना 150 से ज्यादा टैंकर शहरभर में सप्लाई हो रहे हैं। इसके चलते इस क्षेत्र का जल स्तर नीचे गिरता जा रहा है। पार्षद ने बताया कि इस समस्या से अधिकारियों को अवगत कराया गया है और मांग की है कि ऐसे टैंकरों को बैन किया जाए।

### भीलवाड़ा: महिलाओं ने किया रोड जाम, कलेक्टर ने दिए आदेश



शहर के सांगानेरी गेट चौराहे के पास पेयजल को लेकर सोमवार को महिलाओं ने सड़क पर खाली मटके लेकर विरोध प्रदर्शन किया और जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और महिलाओं से समझाइश कर जाम खुलवाया। वहीं, कलेक्टर ने जिले में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जलदाय विभाग को निर्देश दिए। महिलाओं ने सिर पर खाली मटके रखकर मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सूचना मिलते सुभाष नगर पुलिस मौके पर पहुंची। जिले में पेयजल संकट को लेकर भीलवाड़ा जिला कलेक्टर नमित मेहता ने कहा कि गर्मी के समय पेयजल की किल्लत रहती है। अभी राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार हमने सभी जगह पर पेयजल की व्यवस्था की है। भीलवाड़ा जिले में जहां पर पानी की किल्लत है, वहां टैंकर की व्यवस्था कर रखी है। इसके अलावा जिले में जहां भी पेयजल की किल्लत को लेकर किसी भी माध्यम से जानकारी मिलती है, तो हम जलदाय विभाग से जुड़े अधिकारियों को मौके पर भेजते हैं। कलेक्टर ने कहा कि उन्होंने जलदाय विभाग को निर्देश दे रखा है कि कहीं पर भी पेयजल की समस्या किसी भी व्यक्ति को नहीं हो इसका ध्यान रखा जाए। कलेक्टर ने कहा कि हमारी पूरी कोशिश है कि गर्मी के महीने में पानी की उपलब्धता सब जगह सुनिश्चित हो सके।

## 12 वीं में रिया सहगल ने 99.4 तो 10वीं में श्रेया राठौड़ ने हासिल किए 99.2% अंक

# CBSE के रिजल्ट में जयपुर का परचम

### स्कूल-घर में छाई खुशियां

बेधड़क | जयपुर

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) ने सोमवार को 10वीं और 12वीं का रिजल्ट घोषित कर दिया। रिजल्ट में राजधानी की कई स्कूलों के बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए स्कूल को अपने साथ परिवार को नाम रोशन किया। इसमें जयपुर के रावत पब्लिक स्कूल की रिया सहगल ने 99.4% नंबर हासिल किए हैं। वहीं, जयपुर के महावीर पब्लिक स्कूल के युवराज ने 12वीं कॉमर्स में 96.4% नंबर हासिल किए हैं। उनके पिता इसी स्कूल में पीओन हैं। 97.5 % नंबर लाने वाली अनन्या चौधरी ने कहना है कि एग्जाम से पहले उनके पिता का ऑपरेशन हुआ था। इसलिए एग्जाम पर ज्यादा फोकस नहीं कर पाई। गौरतलब है कि 12वीं में अजमेर रीजन का रिजल्ट 89.53 प्रतिशत रहा है। अजमेर रीजन का देश में 10वां स्थान है। वहीं 12वीं का रिजल्ट जारी होने के करीब 2 घंटे बाद 10वीं का भी रिजल्ट जारी कर दिया गया है। 10वीं बोर्ड में अजमेर रीजन का परिणाम 97.10 प्रतिशत रहा और देश में 5वां स्थान है। 2023 में 12वीं का रिजल्ट 89.27% रहा था। स्टूडेंट्स सीबीएसई की ऑफिशियल वेबसाइट cbse.nic.in के जरिए अपना रिजल्ट देख सकते हैं। लेकिन, कई बार रिजल्ट जारी होते ही भारी ट्रैफिक के चलते वेबसाइट क्रैश हो जाती है। स्टूडेंट्स वेबसाइट के अलावा इन तरीकों से भी अपने रिजल्ट चेक कर सकते हैं। जयपुर की रहने वाली श्रेया राठौड़, नीरजा मोदी स्कूल में पढ़ती हैं, उनके 99.2% अंक आए हैं।



### पिओन पिता का बेटा बना 12वीं का टॉपर

12वीं कॉमर्स में 96.4% नंबर लाने वाले युवराज सिंह के पिता कवर सिंह उसी के स्कूल में पिओन के पद पर काम करते हैं। मां कमला देवी एक गृहणी है। उत्तराखंड से नौकरी की तलाश में जयपुर पहुंचे कवर सिंह दसवीं क्लास तक पढ़े हैं। उन्होंने कहा कम शिक्षित होने के कारण मैं चपरासी के पद तक सीमित रह गया। बच्चों की शिक्षा दीक्षा अच्छी हो इसके लिए मैं डबल ड्यूटी करता हूं। अपनी नौकरी के साथ साथ मैंने युवराज का महावीर पब्लिक स्कूल में दाखिला कराया था। सरकार द्वारा चलाई गई योजना के तहत उसका दाखिला हो गया था। उसके बाद स्कूल वालों ने इसकी फीस आधी कर दी। इससे इसकी पढ़ाई में कोई रुकावट नहीं हुई।

### सोशल मीडिया और मोबाइल से बनाई दूरी

झुंझुनूं की निकिता कुमारी टोलिया ने 12वीं बोर्ड में 99% अंक हासिल किए हैं। वहीं, उनके भाई तरुण ठोलिया ने 10वीं में 95.8% नंबर हासिल किए हैं। निकिता की शुरुआती पढ़ाई झुंझुनूं से हुई थी। उनके पिता कृष्ण कुमार निकिता और उनके भाई तरुण को पढ़ाने के लिए जयपुर ले आए। निकिता टैगोर इंटरनेशनल स्कूल मानसरोवर की छात्रा है। निकिता ने बताया कि सफलता के लिए सोशल मीडिया और मोबाइल से दूरी बनाई। सही लगन के साथ रेगुलर पढ़ाई की जाए तो सफलता मिलना तय है। अब सिविल सर्विसेज की तैयारी करना चाहती हूं।



### गुरुषी के 95 फीसदी अंक

श्याम नगर स्थित माय ओन स्कूल की गुरुषी कायथ ने 95 फीसदी अंक हासिल किए हैं। गुरूषी के पिता राजन कायथ और मां आरती कायथ बिजनिस चलाते हैं। बेटी की इस उपलब्धि पर परिवार में खुशी छाई है।

### विद्याश्रम स्कूल की आदिश्री ने हासिल किए 96% अंक



राजधानी के जनकपुरी ज्योतिनगर निवासी भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम स्कूल की कक्षा बारह की छात्रा आदिश्री जैन ने वाणिज्य संकाय में स्कूल में सेकंड पोजीशन प्राप्त की है। सीबीएसइ में 96% अंक प्राप्त कर आदि श्री ने यह गौरव प्राप्त किया है। आदिश्री पदम जैन बिलाला की पौत्री व सी ए पारस बिलाला की बेटी आदिश्री ने इसका श्रेय नियमित पढ़ाई, गुरुजन व परिजनों को दिया।



### पिता के ऑपरेशन से पढ़ाई का फोकस हुआ कम

जयपुर के मानसरोवर की रहने वाली अनन्या चौधरी ने सीबीएसई 12th बोर्ड में 97.5% नंबर हासिल किए हैं। अनन्या मानसरोवर के वर्धमान इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ती हैं। अनन्या ने 10वीं बोर्ड में 99.6% नंबर हासिल किए थे। अनन्या नीट की तैयारी कर रही है। उन्होंने बताया कि एग्जाम के दौरान पिता का ऑपरेशन हुआ। पिता का ध्यान रखने के लिए सही से पढ़ाई पर फोकस नहीं कर पाई। अब डॉक्टर बनने का सपना है।

### परीक्षा में टॉन्सिल फिर भी नहीं छोड़ी पढ़ाई

जयपुर की रावत पब्लिक स्कूल की छात्रा रिया सहगल ने 12th बोर्ड में 99.4% हासिल किए हैं। रिया का कहना है कि एग्जाम से पहले टॉन्सिल हो गए थे। इससे खाना खाने में परेशानी हो रही थी। इस बीमारी के बावजूद पढ़ाई की। आखिर परिवार की मदद और टाइम मैनेजमेंट कर अच्छे नंबर हासिल किए।

### भव्या ने स्कूल के साथ की नीट की तैयारी

जयपुर की प्रताप नगर में रहने वाली भव्या खुराणा ने 12वीं बोर्ड में 93.8% नंबर हासिल किए हैं। भव्या ने सीबीएसई 12वीं बोर्ड के साथ नीट की तैयारी भी की थी। उन्होंने बताया कि उनका ज्यादा फोकस डॉक्टर बनने पर है। इसलिए ज्यादा समय नीट की कोचिंग के लिए देती थी। बोर्ड एग्जाम पर खास ध्यान नहीं दिया। अगर बोर्ड पर ज्यादा ध्यान दिया होता तो नंबर कुछ और ही होते।

### IIS के विद्यार्थियों ने भी दिया बोर्ड परिणाम में बेहतर परिणाम

सीबीएसई के रिजल्ट में इण्डिया इंटरनेशनल स्कूल,जयपुर के विद्यार्थियों का सर्वश्रेष्ठ परिणाम रहा। बारहवीं बोर्ड परीक्षा 2024 में 218 विद्यार्थी प्रविष्ट हुए। इनमें बारहवीं में 12 विद्यार्थियों ने 95% से अधिक अंक प्राप्त किए। 36 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। धैर्या शर्मा ने 96.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में वृत्तिका तिवारी ने 96.2% अंक, कला संकाय में वृंदा शर्मा ने 96.2% अंक, विज्ञान संकाय में धैर्या शर्मा ने 96.6 अंक प्राप्त किए। दसवीं बोर्ड की परीक्षा 2024 में 238 विद्यार्थी प्रविष्ट हुए। जिनमें भाविषका शर्मा ने 97.6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। 63 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय के निदेशक डॉ.अशोक गुप्ता व प्राचार्या माला अग्निहोत्री ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

### रावत पब्लिक स्कूल बना 12वीं बोर्ड में सिरमौर



रिया सहगल
99.4%


जयपुर। प्रताप नगर स्थित रावत पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के सीनियर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा के परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने से स्कूल गौरवांवित हुआ है। विद्यालय की ह्यूमैनिटीज की छात्रा रिया सहगल ने 99.40% अंक प्राप्त करके संपूर्ण भारत के टॉप रैंकर्स में स्थान प्राप्त किया। रिया के हिस्ट्री, इकोनॉमिक्स और इन्फॉर्मेशन प्रेक्टिस में 100 नंबर, इंग्लिश में 98 और जियोग्राफी में 99 मार्क्स आए। वहीं स्कूल में साइंस, कॉमर्स और ह्यूमैनिटीज के 30 से अधिक बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए और 51 विद्यार्थियों ने 85% से अधिक अंक प्राप्त किए। सीबीएसई के क्लास 10 वीं के नतीजों में 24 से अधिक बच्चों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। 45 विद्यार्थियों ने 85% से अधिक अंक प्राप्त किए। यश शर्मा ने 95.6% अंक प्राप्त कर 10वी में टॉप किया। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बी एस रावत और निदेशक नरेंद्र सिंह रावत ने छात्रा की इस उपलब्धि पर उसको बधाई दी है। स्कूल की छात्रा रिया ने इस साल नया कीर्तिमान स्थापित किया है। रावत पब्लिक स्कूल प्रताप नगर की प्रिंसिपल मैत्रेयी शुक्ला ने सभी विद्यार्थियो को बधाई दी। इसके साथ ही रिया को बधाई देने के लिए साथी स्टूडेंट्स और मिलने जुलने वालों तांता लगा रहा।

## Yuva स्टोरीज

### विनायक क्रिकेट कप में जीआर क्रिकेट एकेडमी जीती



जयपुर । विनायक क्रिकेट ग्रांउड निमेडा द्वारा आयोजित विनायक अंडर-17 क्रिकेट कप-2024 में सोमवार को लीग मैच न. 9 महर्षि अरविंद क्रिकेट एकेडमी व जीआर एकेडमी के बीच खेला गया, जिसमें जीआर क्रिकेट एकेडमी 490 रन से विजयी हुई, जीआर एकेडमी ने पहले खेलते हुए 50 ओवर में 6 आउट होकर 586 रन बनाये, जिसमें आराध्या अग्रवाल ने 322 रन, देवांग स्वामी ने 152 रन बनाये व तनिश कुमावत ने 4 विकेट लिए, जवाब मे महर्षि अरविंद एकेडमी ने 14.5 ओवर में 96 रन बना कर आल आउट हो गई। जिसमें




सैम पूंजा ने 45 रन बनाये व मनन अग्रवाल ने 1 विकेट लिए। इस मैच के मैन ऑफ द मैच आराध्या अग्रवाल रहे।

### AISSCE 2024 में द पैलेस स्कूल का शानदार प्रदर्शन

जयपुर। द पैलेस स्कूल , सिटी पैलेस, जयपुर के छात्रों ने AISSCE-2024 में शानदार प्रदर्शन के साथ शैक्षणिक उत्कृष्टता की अपनी विरासत को कायम रखा है।

कक्षा 12 की परीक्षा में शामिल हुए 93 छात्रों में से 21 छात्रों ने कुल मिलाकर 90% से अधिक अंक प्राप्त किए, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विज्ञान स्ट्रीम में, अमीशी गर्ग ने 94.8% के प्रभावशाली स्कोर के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया, 91.8% के साथ सानिध्य पटोदिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स स्ट्रीम में, रीत भागचंदानी 95.6% के शानदार प्रदर्शन के साथ प्रथम स्थान पर रही। 94.8% प्राप्त कर वृंदा यादव ने द्वितीय और 93.8% के साथ पार्थ डंगायच ने तीसरा स्थान हासिल किया।

मानविकी स्ट्रीम में, मानसी सराफ ने 94% के शानदार स्कोर के साथ पहला स्थान हासिल किया, चेरीश पारीक ने 93.4% के साथ द्वितीय और अनुष्का पोद्दार ने 93.2% के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

#### कनोड़िया कॉलेज और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का कार्यक्रम

## समारोह में बताई मां की महता, मातृ दिवस पर महिलाओं का किया सम्मान

बेधड़क | जयपुर




कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में मातृ दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंजू शर्मा उपाध्यक्ष विप्र कल्याण बोर्ड, विशिष्ट अतिथि नीता बूचरा, अध्यक्ष फिक्की फ्लो और महिला चिकित्सक डॉ. अलका गौड़ रहीं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने मातृ दिवस की प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त किए और आज के इस आयोजन में मंचासीन सभी प्रमुख महिलाएं जो समाज में अपनी विशेष पहचान रखती हैं वे महाविद्यालय की पूर्व छात्राएँ हैं और महिलाओं की विभिन्न भूमिकाओं की उन्होंने सराहना की। मुख्य अतिथि मंजु शर्मा ने महिलाओं की क्षमताओं को रेखांकित किया और कहा कि स्वयं को प्रोत्साहित करना सीखें। इसी कड़ी में नीता बूचरा ने अपने व्याख्यान में जीवन में सफलता के लिए तीन शब्द अप्रिशिएट, एक्सेप्ट और एडजस्ट को अपनाने की बात कही। इस आयोजन में 'माँ' विषय पर महाविद्यालय की छात्रा प्रियंका मिश्रा और छवि ने कविता पाठ किया। कार्यक्रम के अंतर्गत यूनियन बैंक द्वारा समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए विभिन्न महिलाओं के साथ महाविद्यालय की चार चतुर्थ श्रेणी महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। यूनियन बैंक की ओर से क्षेत्रीय प्रमुख, रणजीत कुमार ने इस आयोजन की प्रांसगिकता बताई और सभी का धन्यवाद किया। बैंक कर्मचारी प्रज्ञा ने बैंक की कार्य प्रणाली और समृद्धि अकाउंट की जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक डॉ. निमिषा गौड़ ने सफल आयोजन के लिए यूनियन बैंक और सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## तीन चरणों में होंगे आरटीई में एडमिशन



बेधड़क | जयपुर

जयपुर। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009, के अन्तर्गत राज्य के गैर सरकारी विद्यालयों में प्री-प्राइमरी (पीपी-3) एवं कक्षा-1 में 25 प्रतिशत सीटों पर समाज के असुविधाग्रस्त समूह एवं दुर्बल वर्ग को प्रवेश में वरीयता क्रम निर्धारण के लिए सोमवार को शिक्षा संकुल में ऑनलाइन लॉटरी निकाली गई। शिक्षा विभाग के शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने यह लॉटरी निकाली। उन्होंने कहा कि लॉटरी द्वारा जारी वरीयता सूची को अभिभावक विद्यालयवार प्राइवेट स्कूल वेबपोर्टल www.rajpsp.nic.in के होम पेज पर ''अभ्यर्थी प्राथमिकता क्रम'' पर क्लिक करके देख सकते हैं। प्रदेश के इकतीस हजार आठ से सत्तावन निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए तीन लाख आठ हजार सात सौ बयासी बालक बालिकाओं के आवेदन प्राप्त हुए हैं। 7 जून से 25 जुलाई तक प्रथम चरण में विद्यालयों में प्रवेश दिए जाएंगे। 26 जुलाई से 16 अगस्त द्वितीय चरण तथा 17 अगस्त से 31 अगस्त तक तृतीय चरण में वरीयता के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे। इस अवसर पर अतिरिक्त परियोजना निदेशक पूनम प्रसाद सागर, सुरेश कुमार बुनकर सहित आरटीई से संबंधित शिक्षा विभाग के अधिकारी एवं मीडिया के पत्रकार उपस्थित रहे।

**नवाचार** | **रोटरी क्लब की जॉय ऑफ गिविंग पहल**

## 100 जरूरतमंद बच्चों को बांटे खिलौने और लगाए पक्षियों के परिंडे

### टॉय फॉर एवर के द्वारा जोए आफ गिविंग कार्यक्रम

बेधड़क | जयपुर

रोटरी क्लब जयपुर की ओर से इंडियन वूमेन इंपैक की जरूरतमंद स्टूडेंट्स को स्टेशनरी वितरण किया गया। इसमें टॉय फॉर एवर के द्वारा जोए आफ गिविंग के अंतर्गत रविवार को 100 जरूरतमंद बच्चों को खिलौने भेंट किए गए। पक्षियों के पीने के पानी के लिए परिंडे भी लगाए गए।

रोटरेक्ट क्लब आयोजन स्कूल आफ आर्किटेक्चर के अध्यक्ष रोटरेक्ट आयुषी शर्मा और रोटरेक्टरस के द्वारा इंडियन वूमेन इंपैक, त्रिवेणी नगर के स्टूडेंट्स को समर कैंप के अंतर्गत आर्ट एंड क्राफ्ट्स, थिएटर और अन्य गतिविधियां कराई जा रही है। रोटरी क्लब जयपुर के सचिव रोटेरियन पीयूष जैन ने इंडियन वूमेन इंपैक की संस्थापक एना को समाज सेवा के हित के कार्यों में अपनी सेवाएं देने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया एवं रोटरी क्लब जयपुर के द्वारा भविष्य में भी सहयोग करने का आश्वासन दिया।



अध्यक्ष नॉमिनी रोटेरियन सी ए दुर्गेश पुरोहित ने रोटरेक्ट क्लब आयोजन स्कूल ऑफ़ आर्किटेक्चर की अध्यक्ष रोटरेक्ट आयुषी शर्मा एवं उनकी टीम को भीषण गर्मी में बच्चों को एक्टिविटीज सीखाने और अपना समय देने के लिए सराहना की।



# हमें इतिहास का पुनर्निरूपण करते रहना चाहिए



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार



*14 मई फिल्म निर्देशक मृणाल सेन की जयंती पर विशेष*

भारतीय सिनेमा में मृणाल सेन एक ऐसे निर्देशक हुए हैं, जिन्होंने अपनी प्रयोगशील और समाजी-सियासी तौर पर प्रतिबद्ध फिल्मों से समाज को एक दिशा प्रदान की। नई पीढ़ी को शिक्षित किया। उनका शुमार बांग्ला के तीन अज़ीम फिल्मकारों में भी होता है। विश्व सिनेमा में जिन निर्देशकों की वजह से भारतीय सिनेमा जाना-पहचाना जाता है, उसमें मृणाल सेन का अहम नाम है। मृणाल सेन के समकालीन निर्देशक सत्यजित राय और ऋत्विक घटक की तरह उनकी फिल्में भी सामाजिक यथार्थ की कलात्मक अभिव्यक्ति के लिए जानी जाती हैं। वे प्रतिबद्ध मार्क्सवादी थे और यह विचारधारा उनकी फिल्मों में भी दिखाई देती है। ग़रीबी, बेरोजगारी, शोषण, विषमता, सत्ता का शोषणकारी अमानवीय चेहरा, वर्ग संघर्ष और पूंजी का केन्द्रीयकरण हमेशा उनकी चिंताओं के केन्द्र में रहे। अपनी फिल्मों के बारे में ख़ुद उनका कहना था, ''गरीबी, सूखा, अकाल और सामाजिक अन्याय मेरे समय का यथार्थ है, एक फिल्म निर्देशक की हैसियत से मेरी फिल्में इन्हें समझने और उनके कारण जानने का माध्यम हैं।'' मृणाल सेन देश में समानांतर सिनेमा के भी जनक माने जाते हैं। उनकी फिल्मों में सामाजिक यथार्थ तो है ही, गौर से अगर इन्हें देखें, तो यह प्रतिबद्ध राजनीतिक फिल्में भी हैं। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर यह फिल्में दर्शकों को एक सियासी पैग़ाम भी देती हैं। उनकी इन फिल्मों का आगाज़ कोलकाता-त्रयी की फिल्मों 'इंटरव्यू', 'कलकत्ता 71' और 'पदातिक' से होता है। जिस तरह सत्यजित राय 'पथेर पांचाली', 'अपराजितो' और 'अपूर्व संसार' एवं कोलकाता पर बनाई अपनी त्रयी के लिए जाने जाते हैं, उसी तरह मृणाल सेन भी अपनी इस चर्चित त्रयी से याद किये जाते हैं।

अविभाजित भारत के फरीदपुर जो कि अब बांग्लादेश में है, 14 मई 1923 को जन्मे मृणाल सेन जब इंटरमीडिएट में ही थे, तब उन्होंने हेमिंग्वे, ऑडेन और स्टीफेन स्पेंडर जैसे राइटरों को पढ़ लिया था। अपनी पढ़ाई के दौरान ही वे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और प्रगतिशील आंदोलन से जुड़ गये थे। उस वक़्त वे 'स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ़ इंडिया' में सरगर्म थे। यह वह दौर था, जब कम्युनिस्ट पार्टी पर पाबंदी थी। पार्टी से जुड़ाव की वजह से वे जेल भी गये। मृणाल सेन एक बार फरीदपुर से कोलकाता पहुंचे, तो यहीं के होकर रह गये। पढ़ाई मुकम्मल करने के बाद, उनका तअल्लुक़ कम्युनिस्ट लीडर हीरेन्द्रनाथ मुखर्जी, नीरेन रॉय और गोपाल हलदार से हुआ। इन वामपंथी बुद्धिजीवियों की संगत का ही असर था कि वे भी इंकलाबी हो गये। 'भारतीय जन नाट्य संघ' यानी इप्टा से उनका जुड़ाव शुरू से ही था। ऋत्विक घटक, विजन भट्टाचार्य के साथ इप्टा के कार्यक्रमों में वे हिस्सा लेते थे। मृणाल सेन की नौजवानी का दौर उथल-पुथल का दौर था। एक तरफ आजादी का संघर्ष चरम पर था, तो दूसरी ओर दूसरे विश्व युद्ध और बंगाल में फैले भयानक अकाल ने कोलकाता को बुरी तरह से प्रभावित किया था। उन्होंने यह सब खतरनाक दौर न सिर्फ अपनी आंखों से देखा-भोगा था, बल्कि जनता के बीच काम भी किया। यही वजह है कि जब मृणाल सेन ने 'बाइशे श्रावण' और 'अकालेर संधाने' बनाई, तो इन फिल्मों में उस यथार्थ को दिखाया, जो उन्होंने खुद भुगता था। यही वह दौर था, जब उनके पास कोई काम नहीं था। खाली वक्त का इस्तेमाल वे अध्ययन में करते। इन चार-पांच सालों के दौरान मृणाल सेन ने साहित्य से लेकर दर्शन, इतिहास और समाजशास्त्र की सैकड़ों किताबें पढ़ डालीं। कार्ल मार्क्स, ब्रेख़्त, मिल्टन और यूरोपियन साहित्य भी उनसे अछूता नहीं रहा। बांग्ला के सभी बड़े साहित्यकारों को उन्होंने पढ़ा। इसी दौर में मृणाल सेन ने चेक लेखक कारेल चेपक के उपन्यास 'दी चीट' का बांग्ला अनुवाद किया। आजीविका के लिए वे स्कूली छात्रों को अंग्रेजी पढ़ाते और समाचार-पत्रों में सिनेमा पर टिप्पणी लिखते। यह टिप्पणियां सपाट नहीं, बल्कि बेहद गंभीर होती थीं। किताब 'व्यूज ऑन सिनेमा', मृणाल सेन के उन्हीं टिप्पणियों या लेखों का संकलन है।

फिल्मों के जानिब मृणाल सेन का झुकाव था, लेकिन वे खुद कभी निर्देशक बनेंगे, यह सब उनके दिल-ओ-दिमाग में न था। ज्यादा से ज्यादा लेखक या समीक्षक बनने का ख्वाब था, उनका। ऋत्विक घटक, तापस सेन, सलिल चौधरी, काली बैनर्जी और हृषिकेश मुखर्जी उनके संघर्ष के साथी थे। इन्हीं साथियों की संगत का ही असर था कि मृणाल सेन ने भी फिल्म बनाने के बारे में गंभीरता से सोचना शुरू कर दिया। लेकिन फिल्म बनाना इतना आसान काम नहीं था। उनके सभी दोस्त एक के बाद एक मुंबई चले गए और हिन्दी फिल्मों में उन्हें काम मिल गया। जबकि मृणाल सेन को ऐसा कोई मौकर नहीं मिला। बेरोजगारी से तंग आकर, उन्होंने मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव की नौकरी कर ली। अपनी पहली नौकरी के लिए उन्हें उत्तर प्रदेश के कानपुर जाना पड़ा। बाद में उनका तबादला कोलकाता हो गया। यह नौकरी बेमन की थी। जिसमें उनका ज़रा-सा भी मन नहीं लगता था। नौकरी करते वक़्त हमेशा यह बात सोचते रहते कि अपनी खुद की फिल्म वे कब बनाएंगे। आख़िरकार, छह महीने बाद ही मृणाल सेन ने इस नौकरी से इस्तीफा दे दिया।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**


## क्या सच में मुस्लिम आबादी हिंदू से अधिक हो जाएगी !

# हिंदू और मुस्लिम प्रजनन दर की हकीकत!



पंकज चतुर्वेदी
स्वतंत्र टिप्पणीकार व पर्यावरणविद्

> *एक यह भी खूब हल्ला होता है कि मुसलमान परिवार नियोजन का विरोध करता है - 'बच्चे तो अल्लाह की नियामत हैं। उन्हें पैदा होने से रोकना अल्लाह की हुक्म उदूली होता है। यह बात इस्लाम कहता है और तभी मुसलमान खूब बच्चे पैदा करते हैं।' इस तरह की धारणा या यकीन देश में बहुत से लोगों को है और वे तथ्यों के बनिस्पत भावनात्मक नारों पर ज्यादा यकीन करने लगते हैं।*



जब चुनाव के तीन चरण बीत गए तो दिल्ली के सेंट्रल विस्टा निर्माण का काम देखने वाले रत्न वतल जैसे नौकर शाहों की जमात-प्रधान मंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद ने अचानक एक रिपोर्ट जारी कर दी और हल्ला हो गया भारत में जल्द ही मुसलमान बहुसंख्यक हो जाएंगे. आजाद भारत में यह पहली बार हो रहा है कि सन 2011 के बाद जनगणना ही नहीं हुई जो कि सन 2021 में हो जानी थी। जाहिर है कि किसी भी तरह का जनसांख्यिकीय आकलन के लिए फिलहाल प्रामाणिक आधारभूत आंकड़ा सन 2011 वाला ही है ।

2011 की जनगणना के मुताबिक देश की आबादी में मुसलमानों का हिस्सा बढ़ गया है। 2001 में कुल आबादी में मुसलमान 13.4 प्रतिशत थे, जो 2011 में बढ कर 14.2 प्रतिशत हो गए थे। उल्लेखनीय है कि इस अवधि में घुसपैठ से ग्रस्त असम में 2001 के 31 प्रतिशत मुसलमान की तुलना में 2011 में ये बढकर 34 प्रतिशत के पार हो गए थे। ठीक यही हाल पश्चिम बंगाल में 25.2 प्रतिशत से बढकर 27 का रहा । सन 1961 से 2011 तक की जनगणना के आंकड़े बोलते हैं कि इन 50 वर्षों के दौरान भारत में हिंदुओं की आबादी कुछ कम हुई है, जबकि मुसलमानों की कुछ बढ़ी है। यह भी तथ्य है कि बीते दस सालों के दौरान मुस्लिम और हिंदू आबादी का प्रतिशत स्थिर है। अगर जनसंख्या वृद्धि की यही रफ्तार रही तो मुसलमानों की आबादी को हिंदुओं के बराबर होने में 3626 साल लग जाएंगे। वैसे भी समाजविज्ञानी यह बता चुके हैं कि सन् 2050 तक भारत की आबादी स्थिर हो जाएगी और उसमें मुसलमानों का प्रतिशत 13-14 से अधिक नहीं बनेगा। इन आंकड़ों में यह भी कहा गया है कि जहां हिंदुओं की जनसंख्या वृद्धि दर में गिरावट 3.16 प्रतिशत है तो मुसलमानें में इस दर की गिरावट 4.90 प्रतिशत है। साफ है कि मुसलमानें की आबादी बढ़ने से रही।

यदि जनसंख्या की बात करें तो केंद्र सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्वास्थ्य सर्वेक्षण नेशनल हेल्थ सर्वे (एन एच एस आर) की रिपोर्ट के आंकड़ों को प्रामाणिक माना जा सकता है। यह रिपोर्ट कहती है कि देश में 2019-21 के दौरान हिंदुओं में प्रजनन दर 1.94 व मुस्लिमों में 2.36 रह गई। यानी हर हिंदू महिला के औसतन 2 बच्चे व मुस्लिम महिलाओं के 2 से ज्यादा बच्चे हैं। 1992 में मुस्लिमों में प्रजनन दर 4.4 व हिंदुओं में 3.3 थी। वैसे देश की कुल मिला कर प्रजनन दर 2.3 हो गई है। अर्थात औसतन एक जोड़े के 2.3 बच्चे। यह आंकड़ा 1992-93 में 4.4 था। यह सच है कि अन्य संप्रदायों की तुलना में मुस्लिम प्रजनन दर अधिक है, लेकिन यह साल दर साल घट भी रही है। समझना होगा कि जनसंख्या का बाकी संप्रदायों के मुकाबले मुस्लिमों में प्रजनन दर सबसे ज्यादा है, लेकिन इसका असल कारण शिक्षा और आर्थिक स्थिति है और जैसे-जैसे मुस्लिम महिलाओं की शैक्षिक स्थिति सुधार रही है, उनके यहां परिवार नियोजन भी बढ़ रहा है। यह आंकड़ा भी एनएचएसआर में ही दर्ज है। 2019-21 में अनपढ़ मुस्लिम महिलाएं घटकर 21.9% रह गईं, जो 2015-16 में 32% तक थीं। अनपढ़ महिलाओं में औसत प्रजनन दर 2.8 व 12वीं या ज्यादा पढ़ी महिलाओं में 1.8 होती है। गर्भनिरोधक साधन इस्तेमाल करने वाले मुस्लिम 2019-21 में 47.4% हो गए, जो 2015-16 में 37.9% थे।

विशेषज्ञों का कहना है कि हिंदुओं व मुस्लिमों के बीच प्रजनन दर का अंतर तेजी से कम हो रहा है। ज्यादा प्रजनन दर के पीछे गैर धार्मिक कारण अधिक जिम्मेदार हैं- जैसे, शिक्षा, रोजगार व कमाई का स्तर और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच। जिन राज्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य और संपन्नता का स्तर बेहतर है, वहां स्थिति अच्छी है। जैसे-केरल में मुस्लिम महिलाओं की प्रजनन दर 2.25 है, जबकि बिहार में यह 2.88 तक रिकॉर्ड हुई है।सन 2005 में किया गया एक शोध बानगी है कि इस बवाल में कितनी हकीकत है। तब मुस्लिम प्रजनन दर 3.6 और हिंदुओं में 2.8 बच्चा प्रति महिला थी। यानी औसतन एक मुस्लिम महिला एक हिंदू महिला के मुकाबले अधिक से अधिक एक बच्चे को और जन्म देती है। यानी दस बच्चों वाला गणित कहीं भी तथ्य के सामने टिकता नहीं है। भारत सरकार की जनगणना के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पाएंगे कि 1971 से 81 के बीच हिंदुओं की जन्मदर में वृद्धि का प्रतिशत 0.45 था, लेकिन मुसलमानों की जन्मदर में 0.64 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई।

गत 20 वर्षों के दौरान मुसलमानों में परिवार नियोजन के लिए नसबंदी का प्रचलन लगभग 11.5 प्रतिशत बढ़ा है, जबकि हिंदुओं में यह 10 प्रतिशत के आसपास रहा है। यहां यह भी जानना जरूरी है कि जनसंख्या वृद्धि की दर को सामाजिक-आर्थिक परिस्थितयां सीधे-सीधे प्रभावित करती हैं।

गौरतलब है कि बांग्लादेश की सीमा से लगे पश्चिम बंगाल के 6, बिहार के 4 और असम के 10 जिलों की आबादी के आंकड़ों में पाएंगे कि 30 वर्षों में यहां मुस्लिम आबादी इतनी तेजी से बढ़ी कि वहां के बहुसंख्यक हिंदू, अब अल्पसंख्यक हो गए। असम और बंगाल के कुछ जिलों में तो मुस्लिम आबादी का उफान 100 फीसदी से अधिक है। असल में ये अवैध विदेशी घुसपैठिए हैं। जाहिर है कि ये आबादी भी देश की जनगणना में जुड़ी है और यह बात सरकार में बैठे सभी लोग जानते हैं कि इस बढ़ोतरी का कारण गैरकानूनी रूप से हमारे यहां घुस आए बांग्लादेशी हैं। महज वोट की राजनीति और सस्ते श्रम के लिए इस घुसपैठ पर रोक नहीं लग पा रही है, इस बढ़ती आबादी के लिए देश के मुसलमानों को कोसा जा रहा है। इस जनसंख्या में भी स्पष्ट है कि मुस्लिम आबादी बढ़ने के सर्वाधिक जिम्मेदार राज्य बंगाल और असम हैं। यह भी खूब हल्ला होता है कि मुसलमान परिवार नियोजन का विरोध करता है - 'बच्चे तो अल्लाह की नियामत हैं। उन्हें पैदा होने से रोकना अल्लाह की हुक्म उदूली होता है। यह बात इस्लाम कहता है और तभी मुसलमान खूब-खूब बच्चे पैदा करते हैं।' इस तरह की धारणा या यकीन कई लोगों को है, वे तथ्यों के वनिस्पत भावनात्मक नारों पर ज्यादा यकीन करने लगते हैं।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# रतौंधी के शिकार होते परिदृश्य



डॉ. प्रदीप उपाध्याय
व्यंग्यकार

आज जब वे दद्दू के पैर छूकर आशीर्वाद मांगने आए थे तब दद्दू तो फूले नहीं समा रहे थे। आस-पास जमा भीड़ भी तो भैयाजी के व्यक्तित्व से प्रभावित हुए बिना नहीं रही थी।पहले भी ऐसे ही हथकंडे भैयाजी अपनाते रहे हैं लेकिन उससे क्या। बात तो इतने बड़े आदमी का एक बुजुर्ग,एक आम आदमी के सामने झुकने की है।ऐसे में जब वे उनके चरण छू रहे थे तब दद्दू की नज़र उनपर नहीं थी,वे देखेंगे भी क्यूं,जब वे पूरी तरह से अभिभूत हो चुके थे, भीड़ भी हिप्नोटाइज हो चुकी हो लेकिन भूरू पहलवान उन लोगों की ओर देख रहा था और भैयाजी को भी गहरी नज़र से देख रहा था। पैरों की ओर झुकते हुए उनकी कसमसाहट शायद दद्दू तो खुशी के मायाजाल में नहीं देख पाए क्योंकि दद्दू तो फुलकर कुप्पा हो गए थे और हो भी क्यों न, आखिर नेताजी को भले ही पांच साल में एक बार ही सही अपने चरणों में लगी धूल तो दिखा ही दी थी बाकी दिनों में तो कभी भैयाजी के पैर भी जमीन पर पड़ते हुए कहां आम आदमी को दिखाई देते हैं,वे तो उन दिनों हवा में ही उड़ते -फिरते हैं और वैसे भी उन पैरों में कहां धूल जमती या चिपकती है !

बहरहाल, अपनी उपेक्षा से जला -भूना बैठा भूरू पहलवान उस दृश्य को अपनी खुली आंखों से देख रहा था, यह बात अलग है कि जिन बातों को लोकतंत्र में खुली आंखों से देखना होता है,वे सब चुनावी परिदृश्य में रेवड़ियों के स्वाद में रतौंधी की शिकार हो जाती हैं। उसे याद है कि पिछले चुनाव के वक्त कैसे भैयाजी ने उसे गले लगाया था,कैसे अपना पठ्ठा घोषित करते हुए सारे ठेके उसी को दिलाने का आश्वासन दिया था और कैसे कल्लू पहलवान को उन्होंने अपनी गोद में बैठा लिया और कैसे उसे एक झटके में पटखनी खिला दी।उसे सब याद है और इसीलिए इस बार तो वह खुलकर विरोधी खेमे से जुड़ गया है। हालांकि उसकी बहुत मान-मनुहार की गई थी लेकिन वह टस से मस नहीं हुआ।

हां, तो मैं बता रहा था कि ईर्ष्या वश भूरू पहलवान यह बात जमाने भर में कहता फिर रहा था कि दद्दू के पैर छूने में भैयाजी कसमसा रहे थे जिस तरह पिछली बार उसको गले लगाते वक्त भैयाजी नाक-भौंह सिकोड़ रहे थे या फिर दयाराम जमादार की झोंपड़ी में खाना खाने के प्रायोजित आयोजन में उनके दिल की बात जुबां पर आते आते रह गई थी लेकिन समझने वाले समझ गए थे। उसे बल्लू के पाद प्रक्षालन की घटना भी स्मरण हो आई थी। उनके लिए ऐसे अवांछित किन्तु अनिवार्य घटनाक्रमों पर उनके श्रीमुख से एक बार यह कहते भी सुना ही था कि क्या करें ,वक्त जरूरत हर किसी को बाप बनाना पड़ता है।

भूरू पहलवान यह भी कह रहा था कि यूं तो भैयाजी आम दिनों में सांड बनकर घूमते फिरते हैं, यहां -वहां उजाड़ करने में जरा भी गुरेज नहीं करते लेकिन चुनावी दिनों में उनका चेहरा खस्सी बैल की माफिक निरीह प्राणी सा हो जाता है। भूरू पहलवान दद्दू से कह भी रहा था कि दद्दा,जब जनता के पास वोट की ताक़त रहती है तो वह इन नेताओं को षंड कर अपने काबू में क्यों नहीं कर लेती ! क्यों वे चुनाव निपटते ही फिर छुट्टे सांड की भांति आवारगी पर उतर आते हैं !उनपर कोई आर काम भी नहीं करती।कहने को तो वे यही कहते हैं कि वे जनता की सेवा के लिए ठीक उसी तरह तल्लीन रहते हैं जिस तरह से एक बैल अच्छी फसल के लिए खेतों में हल जोतने, बोझ ढोने या रहट खींचने का काम करता रहता है । किन्तु दद्दू को कहां यह सब सुनने की फुर्सत थी,वे तो भैयाजी के हाथों का अपने चरणों पर स्पर्श, किसी नवयौवना के स्पर्श सा अनुभूत कर रहे थे जिसे सालों -साल तक वे अपनी स्मृतियों में शायद संजो लेना चाह रहे थे।

## नॉलेज कॉर्नर: रेलवे में है टिकट खोने पर दुबारा बनाने का नियम

# ट्रेन का टिकट खोया या फटा तो घबराएं नहीं

**भारतीय रेलवे को देश की लाइफलाइन भी कहा जाता है। क्योंकि, प्रतिदिन करोड़ों यात्री रेलवे के माध्यम से सफर कर अपनी मंजिलों तक पहुंचते हैं। रेलवे की ओर से प्रतिदिन करीब 13 हजार ट्रेनों का संचालन किया जाता है। आपने भी कभी-न-कभी ट्रेन में सफर जरूर किया होगा। हालांकि, इस दौरान यदि आपका टिकट खो जाए, तो आप क्या करेंगे। आपको घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसे समय में क्या करना चाहिए बता रहे हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में ...**

### टिकट फटने पर क्या करें

यदि आप ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं और आपका टिकट फट जाता है, तो आप अपने यात्रा के किराये का 25 फीसदी भुगतान कर डुप्लीकेट टिकट पा सकते हैं। हालांकि, यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि यदि आपके पास वेटिंग टिकट है, तो आपको डुप्लीकेट टिकट नहीं बनवानी है।

यदि आप ट्रेन में यात्रा में कर रहे हैं और आपका टिकट खो जाता है, तो आपको घबराने की आवश्यकता नहीं है। आपको ट्रेन के टीटीई को इस संबंध में सूचना देनी होगी, जिसके बाद टीटीई आपको एक डुप्लीकेट टिकट जारी करेगा। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि यदि टीटीई की ओर से आपको डुप्लीकेट टिकट जारी किया जाता है, तो इसके लिए आपको भारतीय रेलवे को भुगतान करना होगा।




### इतने में मिलेगा डुप्लीकेट टिकट

अब सवाल है कि टीटीई आपसे डुप्लीकेट टिकट के लिए कितना चार्ज कर सकता है तो आपको बता दें कि यदि आप स्लीपर क्लास या सेकंड क्लास से यात्रा कर रहे हैं तो 50 रुपए में डुप्लीकेट टिकट मिल जाएगा।

### अन्य श्रेणी का ये है चार्ज

*यदि आप स्लीपर और सेकंड क्लास के अलावा किसी अन्य श्रेणी में यात्रा कर रहे हैं और आपका टिकट गुम हो जाता है, तो आपको इसके लिए 100 रुपए का दाम देना होगा, जिसके बाद आपको टीटीई की ओर से एक डुप्लीकेट टिकट जारी कर दिया जाएगा।*

*कंटेंट: बजरंग लाल बुनकर*

**अमित शाह,** गृह मंत्री
@AmitShah



अपने-अपने लालच के लिए एकजुट हुई परिवारवादी पार्टियां देश का कभी भला नहीं कर सकती हैं।

**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP



प्रशासन व राजस्थान पुलिस प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा व प्रदेश में कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पूर्ण रूप से कटिबद्ध है।

पार्षदों के साथ बैठक में केजरीवाल ने भाजपा पर साधा निशाना

# दिल्ली की सरकार गिराने के लिए मुझे किया गया था गिरफ्तार

■ जमानत मिलने के बाद पार्षदों के साथ CM की पहली बैठक

एजेंसी | नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को आरोप लगाया कि भाजपा ने आम आदमी पार्टी के विधायकों व पार्षदों को तोड़कर दिल्ली और एमसीडी की सरकार गिराने के लिए मेरी गिरफ्तारी करवाई, लेकिन ये नाकाम रहे। आप का एक भी विधायक-पार्षद नहीं टूटा। उन्होंने कहा कि आप केवल एक पार्टी ही नहीं, बल्कि एक परिवार और विचार हैं, जिसे तोड़ना असंभव है। काम की वजह से ही लोग प्यार और इज्जत करते हैं। केजरीवाल ने सोमवार को पार्टी के पार्षदों के साथ बैठक के दौरान यह बात कही। अंतरिम जमानत मिलने के बाद पार्षदों के साथ मुख्यमंत्री की पहली बैठक थी। उन्होंने पार्षदों को मेहनत व लगन के साथ साफ-सफाई के कार्य में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने केजरीवाल ने कहा कि जेल में मेरी दवा रोककर तोड़ने का प्रयास किया गया। पत्नी को मिलने से रोक दिया गया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से मुझे ऐसे मिलवाया गया, जैसे हम अपराधी हों। इस तरह उन्होंने मुझे अपमानित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक, दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय, मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय, डिप्टी मेयर आले मोहम्मद, एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक समेत सभी पार्षद मौजूद रहे।



### 21 दिन में जहां संभव होगा, प्रचार करूंगा

केजरीवाल ने कहा कि मुझे पिछले कुछ दिनों से देशभर से इंडिया गठबंधन के कई पार्टियों और उम्मीदवारों से आमंत्रण आ रहे हैं। जितना मुझसे बन पड़ेगा, अगले 21 दिन मैं ज्यादा से ज्यादा जगह जाकर प्रचार करूंगा। कई उम्मीदवारों ने भी मुझे फोन किया। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार या झारखंड जहां-जहां मुझे बुलाया जाएगा और मैं जहां-जहां जा सकूंगा, वहां मैं जरूर जाउंगा।केजरीवाल ने कहा कि संकट का सबने मिलकर और डटकर मुकाबला किया। उस संकट ने इस परिवार को और ज्यादा एकजुट और इकट्ठा कर दिया है। हमारे लोग न पैसे से बिकते हैं और न ही ईडी के डर से टूटते हैं।

### केजरीवाल ने अग्रवाल को दिया पूर्ण सहयोग का भरोसा

चांदनी चौक सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी जेपी अग्रवाल ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनके निवास मुलाकत। उन्होंने केजरीवाल से चुनाव में आगे की रणनीति और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। केजरीवाल ने अग्रवाल से आम आदमी पार्टी के पूर्ण सहयोग का वादा किया। अग्रवाल को भाजपा के प्रवीण खंडेलवाल से चुनौती मिल रही है। इस मुलाकात में जयप्रकाश अग्रवाल और अरविंद केजरीवाल के बीच विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी हुई। दोनों ही पार्टियां कोआर्डिनेशन कमेटी बनाकर एक दूसरे को सहयोग देते हुए आगे बढ़ने की रणनीति अपना रही हैं।

### बैलेट पेपर से मतदान के लिए याचिका दायर



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बैलेट पेपर से मतदान को लेकर दायर एक याचिका दायर की गई है जिसमें शीर्ष अदालत के 26 अप्रैल के फैसले की समीक्षा की मांग की गई है। ज्ञात रहे कि 26 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट वेरिफिकेशन की मांग को लेकर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। बैलेट पेपर की मांग को लेकर दर्ज याचिका भी खारिज कर दी गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसले में साफ कर दिया था कि मतदान ईवीएम मशीन से ही होगा। ईवीएम-वीवीपैट का 100 फीसदी मिलान नहीं किया जाएगा। 45 दिनों तक वीवीपैट की पर्ची सुरक्षित रहेगी। ये पर्चियां उम्मीदवारों के हस्ताक्षर के साथ सुरक्षित रहेगी।

### कर्नाटक में महाराष्ट्र जैसा सत्ता परिवर्तन नहीं: सिद्धारमैया



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के दावों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में महाराष्ट्र जैसा सत्ता परिवर्तन नहीं होने वाला है। उन्होंने दावा किया कि उनका कोई भी विधायक बिकने को तैयार नहीं है। वहीं, कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि शिंदे सरकार लोकसभा चुनावों के बाद ही अपना अस्तित्व खो देगी। सिद्धारमैया ने कहा कि संसदीय चुनाव में एनडीए को करारी हार मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल से भाजपा लगातार सरकार गिराने का प्रयास कर रही है लेकिन हर बार वे असफल हो रहे हैं।

वाराणसी के रोड शो में उमड़ी भीड़

# पीएम मोदी ने की बाबा विश्वनाथ की पूजा-अर्चना, मांगा आशीर्वाद

■ आज दाखिल करेंगे नामांकन


एजेंसी | वाराणसी

लोकसभा चुनाव के लिए वाराणसी से तीसरी बार नामांकन दाखिल करने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार शाम बाबा विश्वनाथ की नगरी में रोड शो आयोजित किया और बाद में काशी विश्वनाथ मंदिर में विधि-विधान से मंत्रोच्चार के बीच पूजन अर्चना कर लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के लिए आशीर्वाद मांगा।

रोड शो में उमड़ी भीड़ से पीएम मोदी गदगद नजर आए। उन्होंने वाराणसी में लंका से काशी विश्वनाथ मंदिर तक की छह किलोमीटर की दूरी करीब ढाई घंटे में पूरी की। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर रोड शो की तस्वीरें साझा करते हुए काशीवासियों का वंदन करने के साथ साथ यह भी बताया कि तीसरे कार्यकाल में क्या करना है। इसके साथ ही कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर भी निशाना साधा। कहा कि इन लोगों ने आस्था की नगरी की लगातार उपेक्षा की है।

### ढाई घंटे में तय किया छह किलोमीटर का सफर





### रोम-रोम कर रहा है काशी के कण-कण का अभिनंदन

पीएम मोदी ने एक्स पर अपनी पहली पोस्ट में रोड शो की चार तस्वीरों के साथ लिखा कि बाबा विश्वनाथ की नगरी की देवतुल्य जनता-जनार्दन का नमन और वंदन! आज मेरा रोम-रोम काशी के कण-कण का अभिनंदन कर रहा है। रोड शो में आप सबसे जो अपनत्व और आशीर्वाद मिला है, वो अकल्पनीय और अतुलनीय है। मैं अभिभूत और भावविभोर हूं! आपके स्नेह की छांव में 10 वर्ष कैसे बीत गए, पता ही नहीं चला। तब मैंने कहा था कि मां गंगा ने मुझे बुलाया है। आज मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया है।

### पीएम ने गिनाए अनेक काम

पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों में आप सभी के सहयोग और सहभागिता से काशी के कायाकल्प में मैंने कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी है। आज बाबा विश्वनाथ धाम कॉरिडोर देश की गरिमा के अनुरूप काशी की पहचान की भव्य-दिव्य झांकी बना है। एक दशक में रेल, रोड और एयर नेटवर्क का विस्तार हो या अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, शिक्षा-स्वास्थ्य और स्वच्छता से लेकर आधारभूत ढांचे के विकास तक कई अभूतपूर्व काम किए हैं। 10 साल में काशी में सड़कों और सेतुओं का जाल बिछा है।

### वाराणसी के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता

पीएम मोदी ने कहा कि हमने हर क्षेत्र में वाराणसी के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। बनास काशी संकुल के जरिए हमारे किसान भाई-बहनों की आय बढ़ी है, वहीं नारीशक्ति के सपने भी हकीकत में बदले हैं। पर्यटन से जुड़ी अनेक सुविधाओं के विकास और विस्तार से युवाओं के लिए रोजगार के नित-नए अवसर बन रहे हैं। गंगा के घाट स्वच्छता और सुंदरता की मिसाल बने हैं। इसके अलावा क्रूज बोट के परिचालन, रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर, काशी-तमिल संगमम और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने से आज काशी में रिकॉर्ड संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं।

केजरीवाल को CM पद से हटाने की मांग

# सुप्रीम कोर्ट ने दखल से किया इनकार



एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीएम पद से हटाने को लेकर दायर एक याचिका खारिज कर दी है। सोमवार को हुई सुनवाई में शीर्ष अदालत ने कहा कि कार्रवाई करना दिल्ली के उपराज्यपाल पर निर्भर करता है।

न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायाधीश दीपांकर दत्ता की पीठ ने फैसले पर कहा कि, यह दिल्ली के उपराज्यपाल पर निर्भर है कि अगर वह चाहें तो कार्रवाई करें, लेकिन हम हस्तक्षेप नहीं करेंगे। अदालत ने यह भी कहा कि यह औचित्य का मामला है, लेकिन केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग करने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है। पीठ ने याचिकाकर्ता से कहा कि जब मामले की सुनवाई हो रही थी तो हमने उनसे भी यही सवाल किया था। अंततः, यह औचित्य का मामला है और इसका कोई कानूनी अधिकार नहीं है। बता दें कि शीर्ष अदालत याचिकाकर्ता कांत भाटी की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के 10 अप्रैल के आदेश को चुनौती दी गई थी। दरअसल, दिल्ली शराब नीति से जुड़े मामले में हुई गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थी।

याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में तर्क दिया था कि अरविंद केजरीवाल व्यक्तिगत स्वार्थ के कारण दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देना चाहते हैं। केजरीवाल के जेल में होने से कई महत्वपूर्ण काम दांव पर लगे हुए हैं।

महिला अत्याचारों को लेकर ममता ने पीएम पर साधा निशाना

# आखिरी सांस तक NRC व CAA का विरोध

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि भाजपा यहां एनआरसी और सीएए लागू करना चाहती है। उन्होंने कहा कि मैं आखिरी सांस तक इसका विरोध करूंगी।

मेरे शव पर ही एनआरसी लागू हो सकता है। ममता बनर्जी ने राज्य के बोनगांव में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने रविवार को कहा था कि बंगाल में सीएए लागू किया जाएगा।

हमें समझ नहीं आता कि किसी को नागरिकता के लिए नए सिरे से आवेदन क्यों करना पड़ रहा है। क्यों



किसी को 50 साल पुराने दस्तावेज दिखाने पड़ रहे हैं, सिर्फ यह साबित करने के लिए कि उसका परिवार बांग्लादेश से आया है।

अगर कोई व्यक्ति बिना शर्त आवेदन करे तो हमें कोई आपत्ति नहीं है।

### बंगाल की स्थिति भाजपा शासित राज्यों जैसी नहीं

टीएमसी सुप्रीमो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कहा कि अत्याचारों के बारे में झूठे दावे करके राज्य की महिलाओं के आत्म-सम्मान और गरिमा के साथ खिलवाड़ न करें। पीएम मोदी को यह ध्यान रखना चाहिए कि पश्चिम बंगाल की स्थिति भाजपा शासित राज्यों जैसी नहीं है। यह आपका उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश नहीं है। बंगाल में महिलाएं सम्मान और गरिमा के साथ रहती हैं।

### यह है वीडियो वाला मामला

दरअसल, हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें भाजपा नेता को यह कहते हुए सुना जा सकता था कि संदेशखाली की पूरी घटना पहले से ही तय थी। वीडियो में दावा किया जा रहा है कि संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार का आरोप झूठा और मनगढ़ंत है। वायरल वीडियो में गंगाधर एक कमरे में कुर्सी पर बैठे नजर आ रहे थे।

गृह मंत्री अमित शाह का दावा

# वोट बैंक खोने के डर से अयोध्या राम मंदिर नहीं गए राहुल गांधी

एजेंसी | मुंबई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को महाराष्ट्र के धुले जिले में एक रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अयोध्या में राम मंदिर नहीं गए क्योंकि उन्हें अपना वोट बैंक खोने का डर था। भाजपा को ऐसा कोई डर नहीं है। शाह ने दावा किया कि कांग्रेस ने सिर्फ तुष्टीकरण के लिए जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 नहीं हटाया था। राहुल गांधी ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का भी विरोध किया। उन्होंने शिवसेना यूबीटी नेता उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस ने वीर सावरकर का अपमान किया। इस बारे में ठाकरे का क्या कहना है? उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म का अपमान किया है। क्या उद्धव उनसे सहमत हैं?

### 20 बार राहुल गांधी को लॉन्च रिलॉन्च किया गया

केंद्रीय मंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस ने राहुल को करीब 20 बार लॉन्च और रीलॉन्च करने का प्रयास किया। क्या वे लोग चंद्रयान लॉन्च कर सकते हैं? क्या उनकी सरकार कभी पाकिस्तान को उचित जवाब दे सकती है? क्या उनकी सरकार देश में नक्सलवाद या आतंकवाद को खत्म कर सकती हैं? क्या वे भारत को समृद्ध बना सकते हैं?

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने हलफनामों के विश्लेषण के आधार पर किया दावा

# पांचवें चरण में 159 दागी, पीयूष गोयल समेत 227 प्रत्याशी करोड़पति

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। वहीं चौथे चरण के लिए मतदान सोमवार को हुआ। इस बीच, एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने एक विश्लेषण के आधार पर दावा किया है कि पांचवे चरण में चुनाव मैदान में मौजूद 695 उम्मीदवारों में से 159 पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं 227 उम्मीदवार करोड़पति हैं।

एडीआर ने पांचवे चरण के प्रत्याशियों के हलफनामों के विश्लेषण के आधार पर यह दावा किया है। रिपोर्ट के अनुसार 695 में से 159 (23 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। 122 (16 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर गंभीर आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तीन उम्मीदवारों ने अपने ऊपर दोषसिद्ध मामले घोषित किए हैं।

चार उम्मीदवारों ने अपने पर हत्या (आईपीसी-302) से जबकि 28 उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ हत्या के प्रयास (आईपीसी-307) से जुड़े मामले घोषित किए हैं।

महिलाओं के ऊपर अत्याचार से जुड़े मामले घोषित करने वाले उम्मीदवार 29 हैं। इनमें से एक उम्मीदवार पर दुष्कर्म से जुड़ा मामला दर्ज है। इसके अलावा, भड़काऊ भाषण से जुड़े मामले घोषित करने वाले कुल 10 उम्मीदवार हैं।

पांचवें चरण में सपा के सभी 10 में से पांच उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले हैं। वहीं, शिवसेना के छह में से तीन, एआईएमआईएम के चार में से दो, भाजपा के 40 में से 19, कांग्रेस के 18 में से आठ, टीएमसी के सात में से तीन, शिवसेना (यूबीटी) के आठ में से तीन और राजद के पांच में से एक उम्मीदवार के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं।



### 33 प्रतिशत उम्मीदवार हैं करोड़पति

695 में से 33 प्रतिशत यानी 227 उम्मीदवार करोड़पति हैं। सबसे ज्यादा भाजपा के 36 उम्मीदवार करोड़पति हैं। एआईएमआईएम के चार में से दो उम्मीदवार करोड़पति हैं। चुनावी हलफनामों में इन प्रत्याशियों ने एक करोड़ से ज्यादा की संपत्ति घोषित की है। लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में हर उम्मीदवार के पास औसतन 3.56 करोड़ रुपए की संपत्ति है। पार्टीवार आंकड़ों पर गौर करें तो एनसीपी (शरद गुट) के दो उम्मीदवारों की सबसे ज्यादा औसतन 54.64 करोड़ करोड़ की संपत्ति है।

### अनुराग शर्मा सबसे अमीर प्रत्याशी

पांचवें चरण में सबसे ज्यादा संपत्ति घोषित करने वाले उम्मीदवार अनुराग शर्मा हैं। उत्तर प्रदेश के झांसी से भाजपा प्रत्याशी शर्मा ने कुल 212 करोड़ की संपत्ति घोषित की है। इस मामले में दूसरे स्थान पर निर्दलीय नीलेश भगवान सांभरे हैं। महाराष्ट्र की भिवंडी सीट से चुनाव लड़ रहे सांभरे ने अपने हलफनामे में 116 करोड़ की संपत्ति बताई है। तीसरे सबसे धनी प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी पीयूष गोयल हैं। महाराष्ट्र की मुंबई उत्तर सीट से चुनाव लड़ रहे गोयल की संपत्ति 110 करोड़ रुपए की है। वहीं, एक उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य घोषित की है। जबकि तीन उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति क्रमश 67 रुपए, 700 रुपए और 5427 रुपए बताई है।

### 42% उम्मीदवारों की पढ़ाई 5वीं व 12वीं के बीच

तमाम उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता की बात करें तो 293 (42 प्रतिशत) उम्मीदवार 5वीं और 12वीं के बीच पढ़ाई किए हुए हैं। 349 (50 प्रतिशत) उम्मीदवारों ने अपनी शैक्षिक योग्यता स्नातक और इससे ज्यादा बताई है। 26 उम्मीदवार डिप्लोमा धारक हैं। 20 उम्मीदवार साक्षर जबकि पांच उम्मीदवार असाक्षर भी हैं। उम्मीदवारों की आयु के आंकड़े देखें तो 207 (30 प्रतिशत) उम्मीदवार 25 से 40 वर्ष के बीच के हैं। 384 (55 प्रतिशत) प्रत्याशी 41 से 60 वर्ष के बीच हैं। 103 (15 प्रतिशत) उम्मीदवारों की आयु 61 से 80 वर्ष है।

## जरूरी खबर

### राहुल पहुंचे सैलून, सेट कराए दाढ़ी और बाल



**रायबरेली।** रायबरेली से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी ने सोमवार को चुनावी सभा के बीच अपने के लिए भी थोड़ा समय निकाला। लालगंज में चुनावी जनसभा के बाद वापस लौटते समय कस्बे के बैसवारा डिग्री कालेज के सामने एक सैलून में रुके। यहां पर बाल व दाढी की सेटिंग कराई है। इसके बाद वह आगे निकल गए। राहुल गांधी ने सोमवार को बहन प्रियंका के साथ पहली बार संयुक्त रूप से जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान जनता ने उनसे जानना चाहा कि शादी कब करेंगे...। शोर के बीच वह कुछ सुन नहीं पाए तो बहन प्रियंका ने बताया कि लोग पूछ रहे हैं कि शादी कब करोगे।

### थर्ड बीमा रखने के लिए बनाना होगा संतुलन

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि प्रथम दृष्ट्या वाहनों के प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) मानदंडों का पालन सुनिश्चित करने और साथ ही साथ थर्ड पार्टी बीमा रखने के लिए एक सही संतुलन बनाना होगा। यह टिप्पणी जस्टिस एएस ओका और जस्टिस उज्ज्वल भुयान की पीठ ने उस आवेदन पर सुनवाई के दौरान की थी, जिसमें शीर्ष अदालत के 10 अगस्त 2017 के आदेश में संशोधन की मांग की गई थी। उस आदेश में कहा गया था कि बीमा कंपनियां किसी वाहन का बीमा तब तक नहीं करेंगी, बीमा पॉलिसी के रिन्युअल की तारीख पर उसके पास वैध पीयूसी प्रमाणपत्र न हो।

### जेपी नड्डा व शाह के हेलिकॉप्टरों की भी हुई थी जांच

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने विपक्षी दलों के उन आरोपों को खारिज कर दिया है, जिसमें कहा गया है कि सिर्फ विपक्षी नेताओं के हेलीकॉप्टरों की जांच की जा रही है। विपक्ष कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के हेलिकॉप्टर की जांच को मुद्दा बना रहा है। आयोग ने यह साफ किया है कि चुनाव प्रचार के दौरान सभी नेताओं के हेलिकॉप्टरों की जांच की जाती है, जो एक नियमित प्रक्रिया है। बिहार में जिस दिन खरगे के हेलिकॉप्टर की तलाशी ली गई थी, उसी दिन भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह के हेलिकॉप्टर की भी तलाशी ली गई थी। आयोग ने यह सफाई कांग्रेस पार्टी की ओर खरगे के हेलिकॉप्टर की जांच को मुद्दा बनाए जाने के बाद रविवार देर रात दी।

## देश में मतदान के रंग...श्रीनगर में भी लगी मतदाताओं की कतार...मुस्कुराया लोकतंत्र


@श्रीनगर



@ पश्चिम बंगाल



@ महाराष्ट्र


@ ओडिशा

*नई दिल्ली। देश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में सोमवार को देश के विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश की कुल 96 सीटों पर मतदान हुआ। मतदान के प्रति लोगों में काफी उत्साह देखा गया। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में 36.58 प्रतिशत मतदान हुआ। साल 1998 के बाद से श्रीनगर लोकसभा सीट पर मतदान प्रतिशत 11 से 30 प्रतिशत के बीच रहा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट पर 14.4 फीसदी ही वोटिंग हुई थी। इस तरह इस बार श्रीनगर में लोकतंत्र जीतते हुए नजर आया।*

**चौथे चरण में कई नेताओं का चुनावी भाग्य ईवीएम में बंद**

# फिर कम ही चढ़ा मतदाता का पारा, 63 प्रतिशत तक पड़े वोट

एजेंसी । नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान सोमवार शाम को खत्म हो गया है। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव का दो-तिहाई सफर पूरा हो चुका है। चौथे चरण में 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की 96 सीटों पर करीब 63 प्रतिशत मतदान हुआ। जम्मू कश्मीर की श्रीनगर सीट पर सोमवार को हुआ मतदान पिछले चुनाव में हुए मतदान से बेहतर है।

2019 और 2014 के मुकाबले करीब 6 प्रतिशत मतदान कम हुआ है। तब चौथे चरण में 69.1 प्रतिशत लोगों ने लोगों अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। सबसे ज्यादा मतदान पश्चिम बंगाल में 76.02 प्रतिशत और सबसे कम जम्मू-कश्मीर में 36.88 प्रतिशत होने की खबर है।मतदान कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच हुआ। कई दिग्गज नेताओं का चुनाव भाग्य ईवीएम में बंद हो गया है।



### कहां हुआ कितना मतदान

महाराष्ट्र में 52.75 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 57.91 प्रतिशत और बिहार में 55.92 प्रतिशत वोट डाले गए। आंध्र प्रदेश व पश्चिम बंगाल में हिंसा की घटनाओं और उत्तर प्रदेश के कुछ गांवों में चुनावों के बहिष्कार की खबरें आईं। आंध्र प्रदेश में 68.04 फीसदी,, झारखंड में 63.14 फीसदी, मध्य प्रदेश में 68.01 फीसदी, महाराष्ट्र में 52.49 फीसदी, ओडिशा में 62.96 फीसदी, तेलंगाना में 61.16 फीसदी और उत्तर प्रदेश में 56.35 फीसदी मतदाताओं ने वोट डाला। जिन सीटों पर मतदान हुआ है, उनमें से कई सीटें ऐसी हैं जहां से दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इनमें सपा प्रमुख अखिलेश यादव, पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान और कीर्ति आजाद, अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा समेत कई केंद्रीय मंत्री और कई पूर्व मंत्री शामिल हैं।

### माधवी लता के खिलाफ केस दर्ज

एक वीडियो क्लिप सामने आने के बाद चुनाव अधिकारियों ने तेलंगाना की हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के माधवी लता के खिलाफ मामला दर्ज किया। वीडियो में वह बुर्का पहने महिला मतदाताओं से कथित तौर पर चेहरा दिखाने के लिए कह रही थीं। आंध्र प्रदेश में तेलुगु देशम पार्टी और वाईएसआरसीपी ने खासकर पलनाडु, कडप्पा और अन्नामय्या जिलों में एक-दूसरे पर हिंसा के आरोप लगाए। वाईएसआरसीपी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर प्रतिद्वंद्वी तेदेपा पर वेमुरु, दारसी, इच्छापुरम, कुप्पम, माचेरला, मार्कापुरम, पालकोंडा और पेदाकुरापौडु समेत कई विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया।

### कम मतदान ने फिर बढ़ाई चिंता


लोकसभा चुनाव में अब तक के 4 चरणों की वोटिंग के बाद एक सवाल चर्चा में रहा है कि कम मतदान से किसे नुकसान है और ज्यादा वोटिंग से किस पार्टी को फायदा हो सकता है। राजनीतिक विश्लेषक अब इसी गुत्थी को सुलझाने में लगे हुए हैं। फिलहाल राजनीतिक पार्टियां इसकी अपने अपने हिसाब से व्याख्या कर रही हैं। उनकी चिंता बढ़ी हुई है।

### बंगाल में हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बीच मतदान

*पश्चिम बंगाल में हिंसा की छिटपुट घटनाओं के बीच मतदान हुआ। बीरभूम और बर्धमान-दुर्गापुर लोकसभा क्षेत्र में टीएमसी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच कई जगह झड़प हो गई। बर्धमान-दुर्गापुर से भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष के काफिले पर दो जगहों पर पत्थर फेंके गए। सूत्रों ने दावा किया कि टीएमसी कार्यकर्ताओं ने घोष के साथ अभद्रता भी की। बीरभूम लोकसभा सीट के अंतर्गत नानूर में, भाजपा के पोलिंग एजेंटों को कथित तौर पर बूथ में प्रवेश करने से रोके जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ता टीएमसी कार्यकर्ताओं से भिड़ गए।*

**बिलबोड्र्स के नीचे गिरने से हुआ हादसा**

# मुंबई में आंधी-तूफान का कहर, 8 लोगों की मौत



एजेंसी । नई दिल्ली

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को सोमवार को जोरदार आंधी ने हिला डाला। धूल भरी आंधी के चलते लोग जहां के तहां फंस गए और कई जगहों पर ट्रैफिक बाधित रहा। कई विमानों की उड़ानों पर भी इसका असर पड़ा है। तेज हवाओं के चलते कहीं पेड़ गिर गए तो कहीं बैनर और बिलबोड्र्स आदि आंधी में नीचे आ गिरे।

महानगर के घाटकोपर इलाके में एक बड़ा बिलबोर्ड गिरने से 8 लोगों की मौत हो गई और 64 लोग घायल हैं। 20 से ज्यादा लोग अंदर फंसे बताए जा रहे हैं। घायलों को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी ने कहा, अब तक राजावाड़ी अस्पताल में कुल 64 लोग भर्ती हुए हैं। 4 लोगों को अस्पताल में मृत घोषित किया गया और 4 लोग मौके पर ही मृत पाए गए थे।

बिलबोर्ड गिरने की घटना मुंबई के घाटकोपर इलाके की है। बिलबोर्ड एक पेट्रोल पंप के सामने लगा था, जो आंधी आने पर पंप के बीचों-बीच जा गिरा, जहां कुछ लोग मौजूद थे। रिपोर्ट के मुताबिक, घाटकोपर में होर्डिंग ढहने की घटना के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे दुर्घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की मदद का ऐलान किया है।

### भरी दुपहरी छा गया था अंधेरा


हालांकि, धूल भरी हवाओं के चलते लोगों को परेशानियों का सामना जरूर करना पड़ा। तेज धूल भरी आंधी चली जिससे सोमवार दोपहर में 3 बजे ही आसमान में अंधेरा छा गया। पेड़ और बिजली के खंभे उखड़ गए। वित्तीय राजधानी के कई जिलों में बिजली गुल हो गई। ऐसे में लोगों की परेशानियां और भी ज्यादा बढ़ गईं।

**भारत की बड़ी रणनीतिक सफलता**

# ईरान के चाबहार पोर्ट को दस साल तक संभालेगा भारत, बढ़ेगी पहुंच

एजेंसी । नई दिल्ली

भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह को लेकर 10 साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए है। यह पहला मौका है जब भारत विदेश में स्थित किसी बंदरगाह का प्रबंधन अपने हाथ में लेगा। भारत ने चाबहार बंदरगाह के विकास के लिए 250 मिलियन डॉलर की क्रेडिट विंडो का भी ऑफर दिया है। वर्तमान में चाबहार बंदरगाह को अंतरराष्ट्रीय उत्तर दक्षिण परिवहन गलियारे (आईएनएसटीसी) के साथ एकीकृत करने की योजना पर काम चल रहा है, जिससे ईरान के माध्यम से रूस के साथ भारत की कनेक्टिविटी आसान हो जाएगी। रणनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इससे इस समझौते ने भारत के दोनों पड़ोसियों पाकिस्तान और चीन की चितां बढ़ा दी है। दोनों देशों ने चाबहार में स्थित शाहिद बेहश्ती बंदरगाह के टर्मिनल के ऑपरेशन के लिए दीर्घकालीन समझौता किया है। ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी। इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड और ईरान के पोर्ट्स एंड मेरिटाइम ऑर्गनाइजेशन ने करार पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान भारत के बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल मौजूद रहे। चाबहार बंदरगाह ईरान के दक्षिणी तट पर सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है। इस बंदरगाह को भारत और ईरान मिलकर तैयार कर रहे हैं।भारत की इस कूटनीति को पाकिस्तान के लिए तगड़ा झटका माना जा रहा है। सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, इस समझौत पर हस्ताक्षर के साथ हमने चाबहार में भारत की दीर्घकालिक भागीदारी की नींव रखी है। आज के करार से चाबहार बंदरगाह की व्यवहार्यता और दृश्यता पर कई गुना प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि चाबहार न केवल भारत का निकटतम ईरानी बंदरगाह है, बल्कि समुद्री परिवहन की दृष्टि से भी यह एक शानदार बंदरगाह है। उन्होंने ईरान के बंदरगाह मंत्री के साथ बैठक भी की। भारत क्षेत्रीय व्यापार खासकर अफगानिस्तान से संपर्क बढ़ाने के लिए चाबहार बंदरगाह परियोजना पर जोर दे रहा है। यह बंदरगाह अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा प्रोजेक्ट के प्रमुख केंद्र के तौर पर पेश किया गया है।



### क्या है आईएनएसटीसी प्रोजेक्ट

ज्ञात रहे कि आईएनएसटीसी प्रोजेक्ट भारत, ईरान, अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल-ढुलाई से जुड़ा है। यह 7,200 किलोमीटर लंबी बहुस्तरीय परिवहन परियोजना है।

### चाबहार बंदरगाह के लिए 100 करोड़ रुपए किए आवंटित

विदेश मंत्रालय ने ईरान के साथ संपर्क परियोजनाओं पर भारत की अहमियत को रेखांकित करते हुए 2024-25 के लिए चाबहार बंदरगाह के लिए 100 करोड़ रुपए आवंटित किए थे। सूत्रों के अनुसार ओमान की खाड़ी में रणनीतिक लिहाज से यह समझौता बेहद अहम है।

### बहुत अहम है भारत के लिए चाबहार

चाबहार बंदरगाह के माध्यम से भारत को अफगानिस्तान तक पहुंचने के लिए नया रास्ता मिल जाएगा और इसके बीच पाकिस्तान नहीं आएगा। इसके साथ ही भारत की मध्य एशिया तक सीधी पहुंच स्थापित हो सकेगी। चाबहार बंदरगाह भारत के लिए रणनीतिक महत्व रखता है क्योंकि यह देश को अफगानिस्तान, मध्य एशिया और व्यापक यूरेशियन क्षेत्र से जोड़ने वाली एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है। इसके अलावा, इस पहल को पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह और चीन की बेल्ट एंड रोड पहल के प्रति संतुलन के रूप में देखा जाता है।

**हेरिटेज किड्स फैशन शो** के लिए दिए ब्यूटी और फोटो शूट के टिप्स

# जूनियर मॉडल्स ने ग्रूमिंग सेशन में एक्सपर्ट्स से सीखी रैंप वॉक

बेधड़क | जयपुर

जूनियर मॉडल्स ने हेरिटेज किड्स फैशन शो के ग्रूमिंग सेशन एक्सपर्ट से टिप्स लेकर टैलेंट दर्शाया। सहकार मार्ग स्थित वेदरूप सैलून में चले ग्रूमिंग सेशन में फैशन एक्सपर्ट डॉ. बुलबुल नायक ने बच्चों को रैंप वॉक, फोटो सेशन के टिप्स आदि दिए। वहीं, कार्यक्रम में वेदरूप की मैकअप एक्सपर्ट डॉ. आरती जैन ने बच्चों को ब्यूटी टिप्स दिए। साथ ही फोटोग्राफर देशराज राठौर ने बच्चों को फोटो शूट करने के साथ शूट करने के गुर सिखाए।



## 18 को दिखाएंगे बच्चे अपना टैलेंट

कार्यक्रम संयोजक अर्चना बैराठी ने बताया कि फैशन शो में 2 से 12 साल के बच्चे भाग लेंगे, जिसके लिए ये ग्रूमिंग सेशन आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न एक्सपर्ट ने अलग-अलग तरीके से बच्चों को ट्रेंड किया। इस पर बच्चों ने भी विशेषज्ञों से चर्चा करते हुए टैलेंट का निखारा। फैशन शो 18 मई को इंद्रलोक सभागार में आयोजित किया जाएगा, जिसमें इन जूनियर मॉडल्स को रैंप पर देखा जा सकेगा। सभी को मोटिवेट किया जाएगा और चीफ गेस्ट विजेताओं को सम्मानित करेंगे।

### इन्होंने लिया सेशन में भाग

ग्रूमिंग सेशन में चाईल्ड मॉडल एक्टर अर्विक बैराठी, काव्यंजलि भाटी, भवि सोकल, नौमिका विजय, गगणिका मिश्रा, कुलनशु मिश्रा, अनैश श्रीवास्तव, कोमल जैन, तक्षित सिंह, हिमांश कृष्णिया, भूमि कृष्णिया और देवांशि चांदक आदि ने हिस्सा लिया।







## वनतारा का रेस्क्यू किया मोटिवेट



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स ने वनतारा की टीम की ओर से हाथियों के रेस्क्यू को मोटिविट किया और ये दिन भर ट्रेंड करता रहा। अनंत अंबानी के वनतारा ने त्रिपुरा से हथिनी प्रतिमा और उसके बच्चे को मुक्त कराने के लिए छह वाहनों के काफिले में 22 लोगों की टीम ने ये रेस्क्यू किया, जो दिन भर सोशल मीडिया पर छाया रहा। जयपुराइट्स ने इसे खूब ट्रेंड व मोटिवेट किया। टीम ने 24 घंटों में जामनगर से त्रिपुरा तक 3500 किलोमीटर की जर्नी शुरू की। पशुचिकित्सक ने त्रिपुरा में जांच की, जिसमें प्रतिमा पर कई घाव और चोट के निशान पाए गए। साथ ही अंगों में कठोरता और एक आंख में ब्लाइंडनेस था। प्रतिमा दुबली हो गई थी, जबकि उसका बेबी एलिफेंट पोषण की कमी से पीड़ित था।

## अशनीर-रितेश देंगे सक्सेस मंत्र

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में 19 मई को सोर्ट माय कॉलेज (एसएमसी) समिट का आयोजन किया जाएगा। मीराखी ऑर्गेनाइजेशन और सोर्ट माय कॉलेज डॉट कॉम की ओर से होने वाले इंडियाज लीडिंग यूथ फेस्ट में युवाओं को एक्सपर्ट्स सफलता के मंत्र देंगे। सुबह 11 बजे से रात्रि 10 बजे तक चलने वाले समिट में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन होगा। जयपुर



में पहली बार होने जा रहे समिट में 8 से ज्यादा की-नोट सेशन होंगे, जिनमें आंत्रप्रेन्योर, मोटिवेशनल स्पीकर्स और जयपुर के आर्टिस्ट हिस्सा लेंगे।

## अविवा फुटबाल क्लब ने जीता मैच



**जयपुर।** राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के बैनर तले खेले जा रहे फुटबॉल लीग मुकाबले में 72 मैचों में से 63 नंबर का मैच खेला गया। इसमें दोनों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। सीकर के थॉरासी में अविवा फुटबॉल अकादमी और जयपुर फुटसाल फुटबॉल क्लब के बीच मैच हुआ। इसमें अविवा फुटबाल क्लब ने 4-0 से मैच जीता।

# City इवेंट्स

## बच्चों ने खेल-खेल में सीखे गुर



**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स 'ट्रैवल विद पर्पस' थीम पर आयोजित एक्टिविटीज को एंजॉय कर रहे हैं। ऐसे में होटल हिल्टन में कई समाज सेवी संस्थानों के साथ सोशल एक्टिविटी की जाएगी, जिसमें हर उम्र के लोग हिस्सा लेंगे। इससे पहले नया सवेरा संस्थान के बच्चों के लिए एक विशेष दावत और खेल आयोजित किया गया। जनरल मैनेजर राहुल भगत ने बताया कि मंगलवार को पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी को ध्यान रखते हुए सेंट्रल पार्क में वृक्षारोपण किया जाएगा और वातावरण को बचाने का संदेश देंगे। फिर टीम हिल्टन जयपुर महिला सशक्तिकरण के लिए महिला समाज संस्थान 'धागा' के साथ 17-18 मई को एक्टिविटी करेगी।

## डॉ. जेनिस करेंगी साड़ी-खादी पर बात

**बेधड़क. जयपुर।** पिंकसिटी में पारंपरिक परिधान साड़ी और खादी को प्रमोट करने के लिए डिप्लोमेट डॉ. जेनिस दरबारी जयपुर में होंगी। वे पूरी दुनिया में भारत के कल्चर और पहनावे को प्रमोट करने के लिए जानी जाती हैं। साड़ी स्पीक की जयपुर चैप्टर की फाउंडर हेड साधना गर्ग ने बताया कि 16 मई को होटल डबल ट्री बाई हिल्टन में होने वाले कार्यक्रम में शहर की



विभिन्न प्रोफेशन की महिलाएं हिस्सा लेंगी।

## मोक्ष कल्याणक पर चढ़ाया निर्वाण लाडू



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में तीर्थंकर अभिनंदन नाथ के मोक्ष कल्याणक पर आचार्य शशांक सागर ससंघ के पावन सानिध्य में निर्वाण लाडू समर्पित किया गया। आचार्य ने इस अवसर पर कहा कि जिनवाणी को जीवन में समझने व अपनाने का विषय बनाओ। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनन्दननाथ को अभिनन्दन स्वामी के नाम से भी जाना जाता है। अभिनन्दननाथ स्वामी का जन्म इक्ष्वाकुवंशी क्षत्रिय परिवार में हुआ था। जल्द ही उनका सांसारिक जीवन से मोह भंग हो गया। इनका निर्वाण शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखर पर हुआ था। मंदिर जी में प्रातः अभिषेक वृहत शान्तिधारा व पूजन के बाद गर्भ कल्याण का अर्घ्य बोल कर निर्वाण काण्ड का वाचन किया गया तथा इसके बाद भगवान के चरणों में मोक्ष कल्याण का अर्घ्य बोलते हुए श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया।

**पाटोत्सव:** भजन संध्या में भक्त हुए भाव-विभोर

# आमों से सजाई कृष्ण-बलराम की झांकी, भजनों से रिझाया



बेधड़क | जयपुर

श्री कृष्ण बलराम मंदिर जगतपुरा के 12 वे पाटोत्सव के चौथे दिन भजन संध्या का आयोजन किया गया। बेबी आकांशा राव और राजेश शर्मा ने कृष्ण भजन की प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर भक्त भावविभोर हो उठे। मंदिर के प्रवक्ता सिद्ध स्वरूप दास ने बताया कि मंदिर में पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें पहले दिन हवन किया तो दूसरे दिन रथयात्रा निकाली गई। तीसरे दिन शिशुपाल वध नाटक का मंचन किया गया था।

चौथे दिन देश के कोने-कोने से लाए गए आम के फलों की झांकी सजाई गई और भजन संध्या का आयोजन किया गया। पाटोत्सव के अंतिम दिन मंगलवार को गंगा सप्तमी पर श्री श्री कृष्ण बलराम की स्थापना को 12 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। इस मौके पर कृष्ण-बलराम का महाभिषेक किया जाएगा।

भजन संध्या में हरे कृष्ण मूवमेंट के चेयरमैन मधुपंडित दास समेत पूरे भारत से आए गवर्निंग बॉडी कमीशन के सदस्य भी उपस्थित रहे।

**राधावल्लभ सरस बृजवासी की स्मृति में कार्यक्रम**

# कथक में आमद परण जोड़ तत्कार से किया मंत्र मुग्ध



बेधड़क | जयपुर

भरतपुर मंडल द्वारा स्वर्गीय राधावल्लभ सरस बृजवासी की स्मृति में सांस्कृतिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कविता सक्सेना के निर्देशन में गणेश वंदना से की गई। इसके बाद जयपुर का शुद्ध कथक में आमद परण जोड़ तत्कार कलाकारों ने लोगों को मंत्र मुग्ध किया। कार्यक्रम में पं. आलोक भट्ट ने 'आओ मनमोहना' माधव सक्सेना ने 'सिमरन करले मेरे मना' मधुमती में पेश किया। कार्यक्रम में आस्था ने मत मारो पिचकारी होली सुनाई। इसके बाद गौरव जैन प्रीति सक्सेना ने प्रस्तुति से लोगों को आनंदित किया। अंत में राधा-कृष्ण की ब्रजहोरी की प्रस्तुति से कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश आचार्य ने किया। गिटार पर आशुतोश सक्सेना, हारमोनियम पर राजेंद्र मेघवाल, ढोलक पर पवन डांगी, ऑक्टोपैड पर भवानी डांगी ने संगतकार कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य सचिव अरुण कुमार, कलाकार ईश्वर दत्त माथुर सहित कला प्रेमी उपस्थित थे।

**धार्मिक कार्यक्रम** | जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर का गर्भ व मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया

# भगवान अभिनंदन नाथ के जयकारों से गूंज उठे जिनालय

बेधड़क | जयपुर

जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर भगवान अभिनन्दन नाथ का गर्भ व मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन हुए और मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इस मौके पर मंदिरों में सुबह भगवान अभिनन्दननाथ के अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा अर्चना की गई।

पूजा के दौरान गर्भ कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य चढ़ायाया गया। इसके बाद निर्वाण काण्ड भाषा का वाचन कर मोक्ष कल्याणक श्लोक का उच्चारण कर मंत्रोच्चार के साथ निर्वाण लाडू व अर्घ्य चढ़ाया गया। इसके बाद भगवान अभिनन्दननाथ की महाआरती हुई।



### धर्म नाथ का गर्भ कल्याणक दिवस कल

अभादिजैन परिषद प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि बुधवार को जैन धर्म के 15वें तीर्थंकर भगवान धर्म नाथ का गर्भ कल्याणक दिवस तथा शनिवार को जैन धर्म के 24वें तथा अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर शहर के जैन मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन किए जाएंगे।

### महाआरती में झूमे भक्त

शांतिनाथजी की खोह स्थित श्रीशांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र में मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इसके बाद महाआरती में श्रद्धालु झूम उठे। इस मौके पर मनोज सोगानी, कमल वैद, राजेश वैद, संगिनी फारम जेएसजी मेट्रो की संस्थापक अध्यक्ष दीपिका जैन कोटखावदा, मंजू वैद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मुरलीपुरा के श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि प्रतीक सागर महाराज, आगरा रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी में मुनि महिमा सागर महाराज ससंघ व वर्धमान सरोवर के श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर में गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ के सानिध्य में भगवान अभिनन्दन स्वामी का गर्भ व मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मोती सिंह भोमियों का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज तथा सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन मंदिर सहित अन्य मंदिरों में विशेष धार्मिक आयोजन हुए।

जो परिस्थितियां कमजोर मन के लिए समस्या हैं, वही परिस्थितियां मजबूत मन के लिए अवसर हैं।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### तीन लाख फिलिस्तीनियों ने छोड़ दिया रफाह

# रफाह शहर में अंदर तक घुसी इजराइली सेना

**एजेंसी** | तेल अवीव

अमेरिका की इजराइल को हथियारों की सप्लाई रोकने की धमकी के बाद भी इजराइल ने गाजा के रफाह शहर पर हमला नहीं रोका है और काफी अंदर तक उसकी सेना घुस चुकी है। इजराइल ने हमला खासा तेज कर दिया और अब तक रफाह से करीब 3 लाख लोग पलायन कर चुके हैं। इजराइल का कहना है कि रफाह ही हमास के आतंकियों की आखिरी शरणस्थली बन चुका है। ऐसे में हम यहां हमला करके उसे नेस्तनाबूद करके रहेंगे। इजराइल के आदेश के बाद करीब 3 लाख फिलिस्तीनियों ने रफाह शहर छोड़ दिया है। माना जा रहा है कि अगले एक से दिन में कुछ खास प्रतिष्ठानों पर इजराइली सेना हमला बोल सकती है। उसका कहना है कि हमास के लड़ाकों ने कई संस्थानों को ठिकाना बनाया है। इजराइल ने खान यूनिस शहर पर भी इसी तरह से हमला किया था। इजराइल के इस एक्शन से मिस्र बुरी तरह खफा है। उसने अब साउथ अफ्रीका की ओर से इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस में इजराइल के खिलाफ दायर केस में शामिल होने का फैसला लिया है। इस केस में इजराइल पर नरसंहार का आरोप लगाया गया है, जिसे उसने खारिज कर दिया है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन का कहना है कि इतना भीषण हमला करना गलत है। इसके अलावा उन्होंने यह भी कहा कि हम चाहते हैं कि गाजा में एक प्रशासनिक व्यवस्था रहे और वहां ऐसी अराजकता नहीं छोड़ी जा सकती।

फिलिस्तीनियों का कहना है कि इजराइल ने रातोंरात जबालिया रिफ्यूजी कैंप में भी हमला किया है। इसके अलावा उत्तरी गाजा के भी कुछ इलाकों में अटैक हुए हैं। वहीं संयुक्त राष्ट्र संघ का कहना है कि गाजा में भुखमरी के हालात हैं। वहीं अमेरिकी फैसले को लेकर भी मतभेद की स्थिति है। एक तरफ बेंजामिन नेतन्याहू ने बाइडेन सरकार के फैसले पर ऐतराज जताया है तो वहीं ब्रिटेन भी असहमत है। डेविड कैमरून ने कहा कि इससे तो हमास मजबूत हो जाएगा और यह स्थिति इजराइल की सुरक्षा के लिए ठीक नहीं है। गौरतलब है कि जो बाइडेन ने स्वीकार किया था कि इजराइल ने जिन बमों से निर्दोष फिलिस्तीनी नागरिकों पर हमले किए थे, वे अमेरिका ने ही उसे दिए थे।



### 24 घंटे में मारे गए 63 लोग

गाजा में हमास और इजराइल के बीच जारी जंग चरम पर है। सीज फायर की बातचीत बेनतीजा होने के बाद से ही इजराइली सेना ने गाजा के अलग-अलग इलाकों में जमीनी और हवाई हमले तेज कर दिए हैं। इन हमलों में पिछले पिछले 24 घंटों में 63 लोग मारे गए हैं। इजरायली सेना ने कहा है कि उसने उत्तरी गाजा में रातोंरात कार्रवाई शुरू कर दी है। मध्य गाजा के जिटौन और पूर्वी रफाह में आईडीएफ जबरदस्त हमले कर रही है। इसी कारण रफाह से फिलिस्तीनियों का पलायन बढ़ गया है. वहीं, इजराइल के सैन्य कार्रवाई के जवाब में हमास ने दक्षिण इजराइल में रॉकेट से हमला किया। इसमें 3 लोग घायल हो गए।

### खजाना खोलने का ऐलान: 23 अरब रुपए की दी मंजूरी

# पीओके में हिंसक प्रदर्शन से घबराए पीएम शहबाज

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में हड़ताल सोमवार को चौथे दिन भी जारी रही, जिससे पूरे क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। इस बीच, पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बड़ा फैसला लिया। उन्होंने आजाद जम्मू और कश्मीर के लिए 23 अरब रुपए के तत्काल प्रावधान को मंजूरी दे दी। विरोध प्रदर्शन से घबराए शहबाज शरीफ ने पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई हिंसक झड़प पर चिंता जताई थी। उन्होंने रविवार को चेतावनी दी थी कि कानून को अपने हाथ में लेने को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

शहबाज ने कहा कि उन्होंने पीओके के तथाकथित प्रधानमंत्री चौधरी अनवारुल हक से बात की है। उन्होंने कहा कि मैं सभी पक्षों से अपील करता हूं कि वे अपनी मांगों के समाधान के लिए शांतिपूर्ण तरीका अपनाएं। विरोधियों के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद उम्मीद है कि मामला जल्द ही सुलझ जाएगा।



### स्थिति पर काबू पाने के प्रयास तेज

सुरक्षाबलों और प्रदर्शनकारियों के बीच हुई हिंसक झड़पों के बाद पाकिस्तान सरकार ने स्थिति पर काबू पाने के प्रयास तेज कर दिए हैं। विवादित क्षेत्र में पुलिस और अधिकार आंदोलन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़पें हुईं, इसमें एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग घायल हो गए थे। घायलों में ज्यादातर पुलिसकर्मी थे। प्रदर्शनकारियों और राज्य सरकार के बीच बातचीत विफल हो जाने के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मौजूदा स्थिति पर चर्चा के लिए आज उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी।

### किन मांगों को लेकर हो रहा प्रदर्शन

जम्मू-कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी के सदस्य क्षेत्र में जलविद्युत उत्पादन लागत के अनुसार बिजली की कीमतों को तय करने, आटे पर सब्सिडी और कुलीन वर्ग के विशेषाधिकारों को समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। जेएएसी के नेतृत्व में पाक अधिकृत कश्मीर की राजधानी मुजफ्फराबाद में लंबा मार्च निकाला गया। जेएएसी कोर कमेटी और क्षेत्र के मुख्य सचिव दाऊद बराच के बीच हुई बातचीत में कोई समाधान न निकलने के बाद प्रदर्शनकारियों ने मुजफ्फराबाद की ओर कूच करने का एलान किया। रावलकोट के प्रदर्शनकारी नेता ने सरकार पर टालमटोल की रणनीति अपनाने का आरोप लगाया।

### बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात

कोहाला-मुजफ्फराबाद रोड को बंद कर वहां प्रदर्शनकारी धरने पर बैठे हुए हैं। बताया गया कि चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। बाजार, व्यापार केंद्र और शैक्षणिक संस्थान बंद हैं, जबकि यातायात सेवाएं ठप हैं। मीरपुर में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प होने के बाद सरकार ने रेंजर्स को बुलाया। अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने पुंछ-कोटली रोड पर मजिस्ट्रेट की कार समेत कई वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। पूरे क्षेत्र में बाजार, व्यापार केंद्र, कार्यालय, स्कूल और रेस्तरां बंद रहे।

### उत्तरी खार्किव क्षेत्र में स्थिति 'काफी खराब'

# रूस ने यूक्रेन के नौ गांवों पर किया कब्जा

**एजेंसी** | कीव

सीमा पार से ताजा जमीनी हमले में नौ गांवों पर कब्जा करने के रूस के कदम के बाद यूक्रेन ने चेतावनी जारी की है कि उत्तरी खार्किव क्षेत्र में स्थिति 'काफी खराब' हो गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक रूस ने कहा है कि उसने सप्ताहांत में कुल नौ गांवों पर कब्जा कर लिया है, जबकि यूक्रेन ने कहा कि लड़ाई जारी है और वह हमलों को नाकाम कर रहा है।

इसके अलावा सैकड़ों नागरिकों को अग्रिम मोर्चों के पास से निकाला गया है। रिपोर्ट के अनुसार, रूसी सेना ने अपना आश्चर्यजनक सीमा पार हमला शुरू किया। इसमें उत्तरी यूक्रेन के अंदर दो हमले किए गए। इसके बाद, यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने जवाबी आक्रामक कार्रवाई का आह्वान किया। रूस का सटीक लक्ष्य स्पष्ट नहीं है, हालांकि, मॉस्को रूसी क्षेत्र पर यूक्रेनी हमलों को कम करने के लिए एक बफर जोन बनाने की कोशिश कर रहा है या कीव की पहले से ही कमजोर ताकतों को कमजोर करने और उनका ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में दावा किया कि सेवर (उत्तर) नामक एक नए सैन्य समूह ने कई गांवों को 'मुक्त' कर दिया है, यह शब्द रूस द्वारा यूक्रेनी राज्य का दर्जा देने से इनकार को दर्शाता है।






### इसरो का नया मिशन


# चांद पर कहां लैंड करेगा चंद्रयान-4 !

**एजेंसी** | नई दिल्ली

पिछले साल 23 अगस्त को इसरो ने चंद्रयान-3 को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंड कराकर इतिहास रच दिया था। अब इसरो चांद पर एक बार फिर अपनी धाक जमाने के लिए जापान की अंतरिक्ष एजेंसी JAXA के साथ काम कर रहा है। दोनों मिलकर लूनर पोलर एक्सप्लोरेशन मिशन (LUPEX) पर काम कर रहे हैं। इसी मिशन का नाम चंद्रयान-4 है। चंद्रयान-4 की चांद पर लैंडिंग साइट क्या होगी? इसे लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। मिशन पर काम कर रहे एसएसी निदेशक नीलेश देसाई ने बताया कि चंद्रयान-4 की लैंडिंग साइट का चंद्रयान-3 से गहरा कनेक्शन है।

चंद्रयान-4 पर काम कर रहे एसएसी निदेशक नीलेश देसाई का कहना है कि भारत के महत्वाकांक्षी चंद्र मिशन चंद्रयान -4 का मुख्य मकसद चांद से सतह की मिट्टी को भारत वापस लाना है। इस मिशन पर जापान और भारतीय दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। यह मिशन साल 2028 तक लॉन्च किए जाने की उम्मीद है।

नीलेश देसाई ने बताया कि मिशन में हमारी कोशिश है कि चंद्रयान-4 को चांद की उस सतह के पास उतारा जाए, जहां चंद्रयान-3 की लैंडिंग हुई थी। देसाई के मुताबिक, चंद्रयान-3 को शिव शक्ति पॉइंट के उतना पास उतारने की कोशिश की जाएगी, जितना हो सके। गौरतलब है कि शिव-शक्ति पॉइंट चांद पर वो स्थान है, जहां चंद्रयान-3 की लैंडिंग हुई थी।



### खास जगह पर लैंडिंग की वजह

एसएसी निदेशक नीलेश देसाई का कहना है कि चंद्रयान-4 को शिव-शक्ति पॉइंट के पास उतारने का कारण बेहद खास है। दरअसल, इस स्थान पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग हुई थी और लैंडिंग के बाद यान ने चांद की सतह पर तमाम खोज की थी। चंद्रयान-4 को अपने मिशन को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। शिव-शक्ति पॉइंट वो जगह है, जहां चंद्रयान-3 के लैंडर विक्रम ने चांद की सतह पर पानी समेत कई महत्वपूर्ण चीजों की खोज की थी। देसाई ने यह भी कहा कि मिशन एक चंद्र दिवस के बराबर होगा। गौरतलब है कि चांद पर एक दिन पृथ्वी के 14 दिनों के बराबर होता है। चांद पर रातें बेहद सर्द होती हैं। इस दौरान चांद पर तापमान -200 डिग्री तक चला जाता है। इस दौरान यान के उपकरणों के खराब होने या जमने की काफी संभावना होती है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl